


मध्यप्रदेश का सबसे तेज बढ़ता सांध्य दैनिक

# अमृत दर्शन

भोपाल, नर्मदापुरम एवं रायसेन से एक साथ प्रकाशित

RNI NO. 50259/90
वर्ष : 37
अंक : 19
भोपाल, शनिवार
28 फरवरी 2026
पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रु.

www.amritdarshan.com
Email : amritdarshan@yahoo.com



03 क्रांति का तेजस्वी स्वर थे शहीद चंद्रशेखर आजाद : मुख्यमंत्री

डीडीसीए के ओपन बॉलिंग ट्रायल में 3500 प्लेयर्स का हुआ... 06


## मध्यप्रदेश में दहेज प्रताड़ना के 8486 और दहेज हत्या के 518 मामले दर्ज

# 719 विवाहितों की गई जान

भोपाल ■ सुरेन्द्र शर्मा

**दहेज की भूख शांत होने का नाम नहीं ले रही है दहेज प्रताड़ना का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। आम गरीब ही नहीं नेता, मंत्री प्रशासनिक अफसर से लेकर संपन्न और संभ्रांग वर्ग में भी दहेज की मांग की शिकायतें पुलिस के पास पहुंचती रही एनसीआरबी के अनुसार पांच साल में म.प्र. में दहेज प्रताड़ना के 8486 एवं दहेज हत्या 518 मामले दर्ज किये गये। घरेलू हिंसा में 90 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई है। 18 महीने में 719 महिलाओं की जान चली गई। दहेज हत्या, प्रताड़ना को रोकने के लिये सरकारें काफी प्रयास कर रही हैं पर नतीजा शून्य है। जागरूकता फैलाने के लिये स्वयंसेवी संस्थाओं को करोड़ों रुपयों बांटे जाते हैं परन्तु स्थिति ज्यों कि त्यों बनी हुई है।**




**एनसीआरबी की रिपोर्ट में खुलासा**
**अब तक 239 से ज्यादा केस**

### प्रमुख तथ्य

- **कुल 5 साल का अनुमान:** अगर 2024-25 के रुझान को देखेंतो हर साल सैकड़ों मामले दर्ज होते हैंजिसमें दहेज हत्या से ज्यादा मामले प्रताड़ना के होते हैं।
- **अपराध की प्रकृति:** अधिकतर मामले शादी के 7 साल के भीतर के होते हैं जिसमें नवविवाहिताओं को प्रताड़ित किया जाता है।

### जिलेवार मामले (प्रमुख हॉटस्पॉट)

*रिपोर्ट्स के अनुसारदहेज प्रताड़ना के मामले पूरे राज्य में हैं लेकिन इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन जैसे प्रमुख शहरी और आसपास के जिलों में संख्या अधिक है।*

1. **इंदौर:** दहेज हत्या की दर में देश के प्रमुख शहरों में शामिल है (1.37 प्रति लाख, 2022 डेटा)।
2. **उज्जैन:** हाई कोर्ट के फैसलों (1993, 2025 संदर्भ) के अनुसारगंभीर प्रताड़ना और आत्महत्या के मामले यहां रिपोर्ट हुए हैं।
3. **भिंड/मुरैना/ग्वालियर (चंबल संभाग):** यहां भी मामले काफी अधिक होते हैंजो राज्य के औसत से ऊपर रहते हैं।

### पिछले 5 वर्षों (2020-2025) का रुझान

- एनसीआरबी और हालिया विधानसभा आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि मध्य प्रदेश दहेज हत्या के मामले में देश के शीर्ष राज्यों में शामिल है।
- 2022-2023 : 2022 में भी मध्य प्रदेश में 500 से अधिक दहेज हत्या के मामले दर्ज थे।

मध्य प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों में दहेज प्रताड़ना और दहेज हत्या के मामलों में वृद्धि देखी गई है। विधानसभा में दी गई हालिया सरकारी रिपोर्टों के अनुसारकेवल 18 महीनों (2024 से मध्य 2025 तक) में 700 से अधिक महिलाओं की दहेज के कारण मौत हुई है।

दहेज प्रताड़ना (आईपीसी 498ए) और दहेज निषेध अधिनियम के तहत जिलेवार आंकड़ों की विस्तृत जानकारी इस प्रकार है :

### व्यस्त हूं बाद में चर्चा करूंगी: अंजना दुबे

राजधानी भोपाल में दहेज प्रताड़ना के 684 मामले दर्ज है यह आंकड़ा अपने आप में चौंकाने वाला है। घटनाएं क्यों बढ़ रही है मुख्य कारण आखिर क्या हो सकता है इस विषय में विस्तृत चर्चा के लिये महिला थाना प्रभारी अंजना दुबे से संपर्क किया गया कि उन्होंने कहा कि वह एक विशेष प्रकरण में जांच पड़ताल कर रही हूं बाद में चर्चा करूंगी।



### चौंका देंगे आंकड़े

- 29 जुलाई को राज्य विधानसभा में पेश किए गए इन परेशान करने वाले आंकड़ों ने मध्य प्रदेश को उन राज्यों में शामिल कर दिया है जहां दहेज से संबंधित क्राइम लगातार बढ़ रहे हैं.
- **आंकड़ों के मुताबिक** 15 दिसंबर से 31 दिसंबर 2023 के बीच कुल 21 दहेज हत्या के केस दर्ज किए गए. 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2024 तक यह संख्या बढ़कर 459 हो गई. 2025 के पहले 6 महीनों में ही दहेज संबंधी मामलों में 239 महिलाओं ने अपनी जान गंवा दी है.

### दहेज हत्या की स्थिति (2024-2025)

- **जनवरी 2024 से दिसंबर 2024 :** 459 दहेज हत्याएं दर्ज की गईं।
- **जनवरी 2025 से जून 2025 (6 माह) :** 239 महिलाओं की दहेज के कारण जान गई।
- **कुल (18 माह) :** 719 महिलाओं की जान गई (ये मामले गंभीर प्रताड़ना के बाद हुई मौतों से संबंधित हैं)।

## खंडवा में बेकाबू ट्रक : रोड किनारे दुकान में घुसा, शिक्षक की मौत

**खंडवा।** पिपलोद खास के बस स्टैंड पर तड़के 3 बजे एक बड़ी सड़क दुर्घटना में एक शिक्षक की जान चली गई। तेज रफ्तार ट्रक बस स्टैंड के टर्न पर सीधे रोड से उतरा और वहां टीन शेड में बनी तीन दुकान और एक पेड़ को तोड़ते हुए आगे बढ़ गया। ट्रक में रखी कपास की गठानें रोड पर फैल गई। वहीं ट्रक के नीचे दबने से शिक्षक सोहन सिंह चौहान मौत हो गई है।


### उड़ता तीर




### अंतर्मना उवाच

***पैसा सिर्फ बोलता नहीं बल्कि अच्छे अच्छों की.. बोलती भी बंद कर देता है..!***

*आज के संसार में तीन समस्याएँ हैं...!! **पहली** - पैसा होना या ना होना। **दूसरी** - पुरूष के जीवन में स्त्री का होना या ना होना। **तीसरी** - स्त्री के जीवन में पुरुष का होना या ना होना। शेष जीवन की समस्याऐं इन्हीं तीनों का विस्तार है।*




*पैसा जीवन की समस्या भी बन सकता है और समाधान भी। दूसरी और तीसरी समस्या में सारा खेल स्त्री और पुरुष का है। **स्त्री पुरुष दोनों एक दूसरे के बिना आधे अधूरे हैं।** स्त्री के संपूर्ण जीवन की सारी खुशी एक पुरुष पर आधारित है, बशर्त है स्त्री-पुरुष दोनों के विचार और मन मिलते हों, अन्यथ: जो पुरुष 33 कोटि देवी देवताओं को खुश कर देता हो, वह पुरुष अपनी पत्नी को कभी खुश नहीं कर पाता।*

***किसी ने प्रश्न पूछा** - हे गुरुदेव, घड़ी और बीवी में क्या अंतर है-? **हमने सहज भाव से कहा कि** - घड़ी बिगड़ जाये तो बंद हो जाती है और बीवी बिगड़ जाये तो चालू हो जाती है। पत्नी से परेशान एक पति - रेल्वे स्टेशन गया, ट्रेन पर चढ़ने लगा, तभी अचानक एक आवाज आई - यह ट्रेन पटरी से उतर जायेगी। वह पति एयरपोर्ट गया, प्लेन में चढ़ने लगा फिर आवाज आई - यह प्लेन भी क्रेश हो जायेगा। वह पति बस स्टैंड गया, बस पर चढ़ने लगा फिर आवाज आई - यह बस भी पलट जायेगी। **उस व्यक्ति ने पूछा आप कौन है..?** आवाज आई - **मैं भगवान हूं।** वह व्यक्ति बोला - प्रभु जब में घोड़ी पर चढ़ रहा था तब क्या आपका गला बैठ गया था..? बाबू - **समय पर ही सीख मिलती है, बिना समय के तो भीख भी नहीं मिलती...!!!***

■ **अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज**

## पश्चिम एशिया में जंग की आहट: इजराइल का ईरान पर बड़ा हमला

- **कई जगहों को दागे रॉकेट इजराइल ने वीडियो भी जारी किया, आपातकाल घोषित**
- **ईरान का इजराइल पर जवाबी हमला 400 मिसाईलें दागीं**



# दहल उठा तेहरान
# 30 जगहों पर धमाके

तेहरान ■ एजेंसी

ईरान के साथ बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका और इजराइल ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए तेहरान पर व्यापक हमले शुरू कर दिए हैं। ईरान के कई जगहों को निशाना बनाया गया है। तेहरान में तेज धमाकों की आवाज सुनी गई है। ईरान पर हमले का इस्राइल ने वीडियो भी जारी किया है। इजराइल सेना ने ईरान पर एक के एक कई रॉकेट दागे हैं। इजरायल ने ईरान पर यह हमला अमेरिकी धमकियों के बीच किया है। जिसमें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार ईरान पर हमले की धमकी दे रहे थे। पहले से ही अमेरिकी सेना ने ईरान को चारों तरफ से घेर रखा है। बताया जा रहा है कि इजरायल ने एक साथ 30 जगहों पर धमाके किए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल में सायरन बज रहे हैं, क्योंकि इजराइल ने मिसाइल हमलों की आशंका की चेतावनी दी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि लोगों ने ईरान की राजधानी तेहरान में धमाका सुने। ईरान की राजधानी तेहरान के डाउनटाउन में धमाका हुआ और आसमान में घना धुआं उठता देखा गया। ईरान के मंत्रालयों को इजराइल ने निशाना बनाया है। इसी के साथ संभावित हमले के मद्देनजर इजराइल ने एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए कहा है।

### खामेनेई के कार्यालयों के पास हुआ धमाका

*प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ईरान की राजधानी तेहरान में और भी विस्फोट हुए हैं। यह हमला सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के कार्यालयों के पास हुआ। हालांकि यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि 86 वर्षीय खामेनेई उस समय अपने कार्यालयों में मौजूद थे या नहीं। अमेरिका के साथ बढ़ते तनाव के चलते उन्हें कई दिनों से सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है। लेकिन यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिका ने ईरान पर उसके परमाणु कार्यक्रम को लेकर समझौता कराने के लिए दबाव बनाने के उद्देश्य से क्षेत्र में लड़ाकू विमानों और युद्धपोतों का एक विशाल बेड़ा तैनात किया है।*



### इजराइल में एयरस्पेश और स्कूल बंद

जानकारी के मुताबिक संभावित हमलों की आशंका के बीच इस्राइल में सभी स्कूलों को बंद कर दिया है। लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए कहा गया है। साथ ही लोगों के घरों से काम करने के लिए कहा गया है। आईडीएफ ने आशंका जताई है कि मिसाइल और ड्रोन से हमला हो सकत है। इसी के साथ हवाई सीमा की बंद कर दी गई है। तेहरान के एयरपोर्ट पर हमला किया गया है। मेहराबाद एयरपोर्ट पर धमाकों की आवाज सुनी गई। ईरानी मीडिया ने हमले की पुष्टि करते हुए बताया कि धमाकों की आवाज सुनी जा रही है।

***ईरान पर पूर्वव्यापी हमला शुरू***

*इजराइल ने ईरान के खिलाफ प्री-एम्पटिव अटैक यानी पूर्वव्यापी हमला शुरू कर दिया है। सुबह एक बयान में इजराइल के रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने पूरे देश में विशेष और स्थायी आपातकाल की स्थिति घोषित की है। बता दें कि पूर्वव्यापी हमला एक ऐसी सैन्य या रणनीतिक कार्रवाई है, जो दुश्मन के हमला किए जाने की आशंका से पहले ही कर दिया जाता है, ताकि दुश्मन को कमजोर किया जा सके या खुद को सुरक्षित रखा जा सके।*



### यूरोपीय देशों ने नागरिकों से की पश्चिम एशिया छोड़ने की अपील

### भारत ने भी जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली।** कुछ यूरोपीय देशों ने अपने नागरिकों से ईरान और मिडिल ईस्ट के कई दूसरे इलाकों में बढ़ते तनाव के कारण वहां से चले जाने या वहां की यात्रा से बचने की अपील की है। भारत सरकार पहले ही अपने नागरिकों को हालिया तनाव को देखते हुए एडवायजरी जारी कर चुकी है। सरकारों की ओर से संभावित फ्लाइट कैंसिलेशन या देरी की चेतावनी दी और प्रभावित इलाकों में नागरिकों से सतर्क रहने और भीड़भाड़ से बचने का आग्रह किया। ब्रिटिश सरकार ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को कहा कि उसने ईरान से अपने स्टाफ को कुछ समय के लिए वापस बुला लिया है और उसका दूतावास रिमोटली काम करता रहेगा और देश की किसी भी यात्रा के खिलाफ सलाह दी है। फ्रांस के विदेश मंत्रालय ने फ्रांसीसी नागरिकों के लिए इजरायल, यरुशलम और वेस्ट बैंक की यात्रा के खिलाफ एक सुरक्षा एडवाइजरी जारी की, जिसमें ईरान से जुड़ी स्थिति से संभावित क्षेत्रीय नतीजों का हवाला दिया गया। एडवाइजरी में कहा गया, यह ट्रैवल एडवाइजरी इजरायल और फिलिस्तीन के लिए है। विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) अब इजरायल और फिलिस्तीन की जरूरी यात्रा को छोड़कर बाकी सभी जगहों पर यात्रा न करने की सलाह दे रहा है। एफसीडीओ ने गाजा की यात्रा न करने की सलाह दी है। एफसीडीओ ने गाजा के साथ बॉर्डर के 500 मीटर के अंदर यात्रा न करने की सलाह दी है। इसके अलावा, एडवाइजरी में वेस्ट बैंक, तुलकरम गवर्नरेट, जेनिन गवर्नरेट और टुबास गवर्नरेट और रूट 90 को भी शामिल किया गया है। इटली ने भी अपने नागरिकों से ईरान छोड़ने का आग्रह किया और पूरे मिडिल ईस्ट में बहुत सावधानी बरतने की सलाह दी।

कूनो से आई खुशखबरी

## बोत्सवाना से आए 9 चीते क्वारंटाइन बाड़े में छोड़ा

श्योपुर ■ अमृत दर्शन

श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में बोत्सवाना से 8 की जगह 9 जीते हेलीकॉप्टर से आए हैं। इनकी 6 मादा और 3 नर शामिल हैं। साथ कूनो से एक और खुशखबरी सामने आए हैं। कुछ दिन पहले शावकों को जन्म देने वाली मादा चीता गामिनी का एक शावक देखने को मिला है। यानी गामिनी ने 3 नहीं, बल्कि 4 शावकों को जन्म दिया। मध्यप्रदेश अब टाइगर स्टेट के बाद चीता स्टेट भी बन गया है।

- **केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने किया रिलीज**



केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने बोत्सवाना से लाए गए चीतों को कूनो नेशनल पार्क के क्वारंटाइन बाड़े में छोड़ा। बताया कि कूनो में मादा चीता गामिनी ने 3 नहीं, 4 शावकों को जन्म दिया है। चौथा शावक घनी झाड़ियों में छिपा था, इसलिए शुरुआत में दिखाई नहीं दिया। अब फील्ड स्टाफ को नजर आया है और वह पूरी तरह स्वस्थ है। जानकारी के अनुसार नए चीतों और शावक के आने से कूनो में कुल 45 और देश में चीतों की संख्या 48 हो गई।

### डिप्टी सीएम सुनेत्रा पवार को बड़ी राहत

## 25000 करोड़ के घोटाले में क्लीन चिट

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की उस रिपोर्ट को मान लिया है, जिसमें महाराष्ट्र स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक (शिखर बैंक) में लोन बांटते समय करीब 25,000 करोड़ रुपये के कथित घोटाले में दिवंगत उप मुख्यमंत्री अजित पवार और उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार को क्लीन चिट दी गई थी। कोर्ट ने क्लोजर रिपोर्ट को मंजूरी देते हुए कहा है कि मामले में कोई भी सजा लायक अपराध साबित नहीं हुआ है। विशेष अदालत ने आर्थिक अपराध शाखा की दिवंगत उपमुख्यमंत्री की सी-समरी रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है।

कई डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स का भी उद्घाटन

## पीएम मोदी ने 14 वर्ष की लड़कियों के लिए शुरू किया देशव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान

**पीएम बोले- कांग्रेस के कुकर्मों को देश माफ नहीं करेगा, मुस्लिम लीगी माओवादी कांग्रेस**

अजमेर ■ एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राजस्थान के अजमेर दौरे के दौरान 9 से 14 साल की लड़कियों के लिए पूरे देश में ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) वैक्सीनेशन कैंपेन शुरू किया, जिसका मकसद सर्वाइकल कैंसर को रोकना है। यह पहल महिलाओं में कैंसर से जुड़ी बीमारी के मुख्य कारणों में से एक को रोकने के लिए एक बड़ा प्रिवेंटिव हेल्थकेयर कैंपेन है। हेल्थ पहल के साथ-साथ, प्रधानमंत्री मोदी ने शहरी विकास, पीने का पानी, सड़क, सिंचाई, एनर्जी और इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर समेत कई सेक्टर में 16,680 करोड़ रुपये से ज़्यादा के कई डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने युवाओं को सरकारी नौकरी के जॉइनिंग लेटर भी दिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- कांग्रेस भी घात लगातार देश को बदनाम करने के लिए कहीं घुस जाती है। कांग्रेस के ऐसे कुकर्मों को देश कभी माफ नहीं करेगा। देश को बदनाम करना, देश की सेनाओं को बदनाम करना, ये कांग्रेस की पुरानी आदत रही है। पूरे देश में कांग्रेस लगातार हार रही है और गुस्से में इसका बदला भारत को बदनाम करके ले रही है। कभी कांग्रेस आईएनसी यानी इंडियन नेशनल कांग्रेस थी। आज वो एमएमसी यानी मुस्लिम लीगी माओवादी कांग्रेस हो चुकी है।



**एआई समिट में प्रदर्शन पर साधा निशाना**

हाल ही में दिल्ली में एआई सम्मेलन हुआ। इसमें दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियों के लीडर एक छत के नीचे इकट्ठे हुए। आपको गर्व हुआ कांग्रेस ने क्या किया? दुनिया भर के मेहमानों के सामने देश को बदनाम करने की कोशिश की।

### विशेष संपादकीय
## चंद्रग्रहण का गंभीर वैश्विक प्रभाव

*3 मार्च को पड़ने वाले चंद्र ग्रहण के संदर्भ में तमाम तरह से ज्योतिषिय और खगोलीय वैज्ञानिक विचार सामने आ रहे हैं। जिनके हिसाब से यह चंद्रग्रहण लम्बे समय तक पूरे विश्व पर अपना प्रभाव छोड़ सकता है। अगर हम राजनीतिक पक्ष की बात करें तो यह चंद्रग्रहण राजनीतिक अस्थिरता और सत्ता परिवर्तन*

*नेतृत्व में बदलाव जैसे परिवर्तनों का कारण बन सकता है।ज्योतिषीय भविष्यवाणियों के अनुसार, चंद्रग्रहण के प्रभाव से दुनिया भर में सत्ता परिवर्तन और नेतृत्व में बदलाव की स्थिति बन सकती है। कुछ बड़े देशों में सत्ताधारी दलों को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। वहीं हम अगर विश्व के प्रमुख नेताओं पर पड़ने वाले प्रभाव की बात करें तो प्रभावशाली राजनेताओं, आध्यात्मिक गुरुओं या प्रसिद्ध हस्तियों के संबंध में अप्रिय समाचार मिलने की संभावना जताई गई है। ग्रहण के 45 दिनों के भीतर क्रूर प्रभाव दिखने की आशंका रहती है। राजनीतिक उथल-पुथल न्यायिक सक्रियता, जांच एजेंसियों की कार्रवाई और बड़े खुलासे राजनीतिक परिदृश्य को बदल सकते हैं। पर्दे के पीछे की रणनीतियां और गुप्त गठबंधन बढ़ सकते हैं।*

***वैश्विक तनाव और कूटनीति***

*सीमाओं पर तनाव जैसे गंभीर मामले अगर देखे तो चंद्रग्रहण के कारण वैश्विक स्तर पर सीमाओं पर तनाव बढ़ सकता है। भारत, अमेरिका, चीन और रूस जैसे देशों के बीच संबंधों में नई जटिलताएं आ सकती हैं। वहीं व्यापार युद्ध और आर्थिक दबाव के बाद, अमेरिका द्वारा भारत जैसे देशों पर व्यापार समझौतों के लिए दबाव बढ़ाने की संभावना बनेगी। आयात-निर्यात में बाधाएं और वैश्विक व्यापार नीतियों में बदलाव देखे जा सकते हैं। वैचारिक टकराव का अंदेशा भी जताया जा रहा है।सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखे टकराव और जनता में असंतोष की स्थिति बन सकती है। यह चंद्रग्रहण बहुत कुछ परिवर्तन कर सकता है ऐसा विचार विद्वानों में चल रहा है।*

## भीषण धमाके के साथ छत तोड़कर फटा गैस सिलेंडर

# एक घर जमींदोज, पड़ोस के मकानों में भी आई दरार

**दमोह ■ निसं**

जिले के बेली गांव में बंद मकान में रखे घरेलू गैस सिलेंडर में हुए भीषण विस्फोट से हड़कंप मच गया। धमाका इतना तेज था कि एक मकान पूरी तरह ढह गया और आसपास के घरों में दरारें आ गईं। जिले के मगरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत बेली गांव में शुक्रवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक बंद मकान में रखे घरेलू गैस सिलेंडर में अचानक भीषण ब्लास्ट हो गया। धमाका इतना जबरदस्त था कि एक मकान पूरी तरह धराशायी हो गया, जबकि आसपास के दो अन्य मकानों में गहरी दरारें आ गईं। गनीमत रही कि घटना के वक्त घर में कोई मौजूद नहीं था, वरना बड़ा जानलेवा हादसा हो सकता था।



**छत फाड़कर बाहर निकला सिलेंडर:** जानकारी के मुताबिक बेली गांव निवासी खरगराम अहिरवार के घर में रखा गैस सिलेंडर अचानक विस्फोट के साथ फट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार धमाके की आवाज कई सौ मीटर दूर तक सुनाई दी। ब्लास्ट इतना शक्तिशाली था कि सिलेंडर छत को चीरता हुआ ऊपर जा गिरा और पक्का मकान मलबे में तब्दील हो गया। आसपास धूल का गुबार छा गया और लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आए।

मगरोन थाना प्रभारी बीएल पटेल ने बताया कि मकान मालिक और उसकी बेटी से पूछताछ की गई है। बेटी का कहना है कि वह गैस सिलेंडर बंद करके गई थी। ऐसे में बंद मकान में सिलेंडर कैसे फटा, यह जांच का विषय है। पुलिस ने मलबे से सिलेंडर के अवशेष जब्त कर लिए हैं और तकनीकी जांच कराई जाएगी।

**मुआवजे की मांग:** इस भीषण हादसे में गृहस्थी का पूरा सामान नष्ट हो गया है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। गांव में इस घटना के बाद लोग सहमे हुए हैं और गैस सिलेंडर की सुरक्षा को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और विस्फोट के असली कारणों का पता लगाने का प्रयास जारी है।

### खेत पर था परिवार, टला बड़ा हादसा

बताया जा रहा है कि सुबह परिवार ने भोजन बनाने के बाद घर में ताला लगाकर खेत पर बटरा की थ्रेशिंग के लिए चले गए थे। दोपहर में उनकी बेटी ने भी खाना बनाया और सिलेंडर बंद करने के बाद मकान में ताला लगाकर वह भी खेत चली गई। इसी दौरान बंद घर के भीतर अचानक विस्फोट हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि उस समय परिवार के सदस्य घर में मौजूद होते तो जनहानि से इंकार नहीं किया जा सकता था। धमाके की तीव्रता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पड़ोस में रहने वाले दयाराम अहिरवार और रामदास अहिरवार के मकानों की दीवारों में दरारें पड़ गईं और छतों को भी नुकसान पहुंचा है। धमाके के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### 4 साल में जबलपुर के 242 मासूमों के दिल का ऑपरेशन

**जबलपुर।** स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को जबलपुर के ज्वाइंट डायरेक्टर हेल्थ ऑफिस में एक बड़ा जांच शिविर आयोजित हुआ। इसमें कटनी, सिवनी, बालाघाट समेत आसपास जिलों से दिल संबंधी बीमारियों से पीड़ित बच्चों को परीक्षण के लिए लाया गया। शिविर में नारायणा हॉस्पिटल के सीनियर पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सुप्रीतम सेन ने 100 से अधिक बच्चों की जांच की। उन्होंने उन बच्चों का भी फॉलो-अप परीक्षण किया, जिनकी पहले दिल में छेद की सर्जरी हो चुकी है। इससे पहले जबलपुर के 242 बच्चे, जिनके दिल में जन्मजात छेद था, उनका सफल ऑपरेशन मुंबई स्थित नारायणा हॉस्पिटल में किया जा चुका है। सभी बच्चे अब पूरी तरह स्वस्थ बताए जा रहे हैं। बच्चों को शिविर तक लाने और जांच की व्यवस्था के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एक हफ्ते पहले से तैयारी शुरू कर दी थी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की 40 से अधिक डॉक्टरों की टीम ने आंगनबाड़ियों और स्कूलों में जाकर पहले ऐसे बच्चों की पहचान की, जिनके दिल में छेद की आशंका थी। चिन्हित बच्चों को शुक्रवार को परिजनों सहित कैंप तक लाया गया।

### पंधाना में देर रात जुआ खेलते 9 लोग गिरफ्तार

**खंडवा।** खंडवा जिले की पंधाना थाना पुलिस ने अवैध जुआ गतिविधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से नगदी सहित तीन मोटरसाइकिल और दो कारें जब्त की हैं। कुल जब्त मशरूका की कीमत 3 लाख 79 हजार 465 रुपए आंकी गई है। टीआई दिलीपसिंह देवड़ा को मुखबिर से सूचना मिली थी कि खापरी गांव के बाहर ईंट भट्टे के पास कुछ लोग ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने के बाद पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व डीएसपी मुख्यालय के मार्गदर्शन में टीम गठित कर कार्रवाई की गई। पुलिस टीम राहगीर पंचों को साथ लेकर बताए गए स्थान पर पहुंची। ईंट भट्टे की आड़ से घेराबंदी कर दबिश दी गई। मौके पर गोल घेरे में बैठकर ताश के पत्तों से जुआ खेलते 9 लोगों को पकड़ा गया। सभी जब्त सामग्री पंचों के समक्ष विधिवत जब्त कर थाने लाई गई। आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत अपराध क्रमांक 81/26 दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

### सर्वाइकल कैंसर से बचाने बालिकाओं को लगेगी वैक्सीन

**उज्जैन।** उज्जैन में 28 फरवरी से अगले 30 दिन तक 14 वर्ष से 15 वर्ष के मध्य की किशोरी बालिकाओं को टीका लगाया जाएगा। इस टीकाकरण से सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचा जा सकेगा। वैक्सीनेशन के लिए माता-पिता या अभिभावकों को अपनी बेटी की उम्र से जुड़ा प्रमाण साथ लेकर अस्पताल जाना होगा। बर्थ सर्टिफिकेट, आधार कार्ड या स्कूल आईडी जैसे दस्तावेज वैलिड हो सकते हैं. जिससे उम्र वेरिफाई हो सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि प्रदेश में किशोरी बालिकाओं की सर्वाईकल कैंसर से रोकथाम के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान शनिवार 28 फरवरी से प्रारंभ किया ग़या।


## इंदौर में भतीजा निकला 60 लाख की चोरी का मास्टरमाइंड

# बिना हिस्सा दिए नकदी-गहने लेकर साथी गायब, राजस्थान पहुंची पुलिस टीम भी खाली हाथ

**इंदौर ■ निसं**

इंदौर में 60 लाख के गहने और नकदी की चोरी का मास्टरमाइंड दंपती का भतीजा ही निकला है। उसी ने चोरी की पूरी साजिश रची थी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल के आधार पर आरोपियों तक पहुंची है। बावजूद इसके अब तक न तो पूरा खुलासा हो सका है, न ही चोरी का माल बरामद किया गया। दंपती का भतीजा रोहित उर्फ गोलू हिरासत में है। पूछताछ में उसने बताया कि उसने दोस्त लक्की बोरासी और सुधांशु प्रजापत के साथ वारदात को अंजाम दिया था। इनके अलावा एक अन्य साथी भी था। चोरी के बाद गोलू के साथी जेवर और नकदी लेकर भाग गए। ऐसे में गोलू के पास से कोई रकम बरामद नहीं हुई है। पूछताछ के दौरान गोलू ने पहले उनके राजस्थान जाने की बात कही थी। पुलिस की एक टीम वहां भी पहुंची, लेकिन आरोपी हाथ नहीं आए।

बता दें, बाणगंगा थाना क्षेत्र के डागर मोहल्ले में 7 फरवरी को बाणेश्वरी कुंड के पीछे स्थित एक मकान से बदमाश 35 लाख रुपए नकद और 25 लाख रुपए का सोना लेकर फरार हो गए थे। वारदात के समय मकान मालिक विनोद यादव और



उनकी पत्नी मनीषा वैष्णो देवी गए हुए थे। जब वे लौटे तो सोमवार को उन्हें इसकी जानकारी लगी।

**बिना हिस्सा दिए साथी हो गए फरार:** वारदात के बाद मिले सीसीटीवी फुटेज में दो चोर विनोद यादव के घर में जाते दिखाई दिए, जबकि गोलू बाहर ही खड़ा था। पुलिस ने हुलिए के आधार पर अन्य फुटेज खंगाले और आरोपियों की पहचान की। जांच में यह भी सामने आया कि चोरी से एक-दो दिन पहले और बाद में गोलू, लक्की और सुधांशु लगातार मोबाइल पर संपर्क में थे। देर रात उन्होंने चोरी से पहले एक-दूसरे को मैसेज कर बाहर बुलाया था।

चोरी के बाद सुधांशु, लक्की और उनका साथी बिना गोलू को हिस्सा दिए फरार हो गए। डर के चलते गोलू ने किसी को कुछ नहीं बताया। घटना की रात वह देर तक गली में घूमता दिखा, जिससे पुलिस का शक उस पर और गहराया।

गोलू ने पुलिस को बताया है कि उसने चाचा के लाखों के प्लॉट बेचने की बात अपने दोस्तों को बताई थी। इसके बाद सभी ने 6-7 फरवरी की रात वारदात को अंजाम दिया था। 9 फरवरी को दंपती इंदौर लौटे, तब उन्हें चोरी की जानकारी मिली और मामला पुलिस तक पहुंचा।

**प्लॉट के सौदे से मिले थे 35 लाख रुपए:** जानकारी के मुताबिक विनोद यादव का रामनगर क्षेत्र में एक प्लॉट था, जिसे उन्होंने कुछ दिन पहले बेचा था। इस सौदे से उन्हें 35 लाख रुपए नकद मिले थे, जिन्हें उन्होंने नई संपत्ति खरीदने के इरादे से घर में रखे थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की है। अधिकारियों का कहना है कि कुछ संदिग्धों की जानकारी सामने आई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है और मामले की जांच जारी है।

### पिपरिया स्टेशन के टिकट काउंटर पर यात्री का छूटा पर्स, रेलवे स्टाफ ने लौटाया

**पिपरिया।** पिपरिया रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर पर एक यात्री अपना पर्स भूल गया। रेलवे स्टाफ ने ईमानदारी का परिचय देते हुए पर्स को सुरक्षित रखा और बाद में यात्री को लौटा दिया। इस घटना से रेलवे की सकारात्मक छवि मजबूत हुई है। पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के जनसंपर्क विभाग के अनुसार, यह घटना शुक्रवार को हुई। पिपरिया निवासी हरीश कुमार पटेल पिपरिया से जबलपुर का टिकट लेने सिटी साइड स्थित रेलवे टिकट काउंटर पर आए थे। टिकट लेने के बाद उनका पर्स काउंटर के बाहर छूट गया। पर्स में 10,360 रुपए था। रेलवे कर्मियों की ईमानदारी से यात्री का पर्स लौटा रेलवे स्टाफ ने तत्परता दिखाते हुए पर्स को सुरक्षित रख लिया। ए.टी.व्ही.एम. फैसिलिटेटर राजकुमार खरे ने इसमें सहयोग किया।

# अब तेजी से हटने लगे बीआरटीएस के बस स्टेशन

### एलिवेटेड कॉरिडोर का काम भी शुरू



**इंदौर ■ निसं**

इंदौर के बीआरटीएस कॉरिडोर को हटाने और बस स्टेशनों को तोड़ने का काम अब तेजी से चल रहा है। हाईकोर्ट की नाराजगी के बाद नगर निगम प्रशासन ने मार्च महीने तक सारी बाधाएं दूर करने का आश्वासन दिया है। बारह साल पहले तीन सौ करोड़ की लागत से बना इंदौर का बीआरटीएस अब तेजी से हटने लगा है। इसके बस स्टेशनों को तोड़ने का काम भी तेज हो गया है। इसे लेकर कोर्ट में लगी याचिका के दौरान जज तोड़ने में हो रही देरी को लेकर कई बार अफसरों पर नाराजगी दर्ज करा चुके हैं। उधर एलआईजी वाले हिस्से में एलिवेटेड रोड बनाने का काम भी शुरू हो चुका है।

इंदौर में निरंजनपुर चौराहा से राजीव गांधी प्रतिमा चौराहा तक बने बीआरटीएस में आई बसों का संचालन एआईसीटीएसएल करता है। प्रतिदिन एक लाख से सत्तर हजार तक यात्री आई बस में सफर करते थे, लेकिन बीआरटीएस की रेलिंग हटने के कारण यात्रियों की संख्या में तीस प्रतिशत तक कमी आई है।

अब यह बसें मिक्स ट्रैफिक में चल रही हैं। ज्यादा छात्र और नौकरीपेशा इन बसों का उपयोग करते थे। पूरे ग्यारह किलोमीटर हिस्से में एक तरफ की रेलिंग हटा दी गई है, वहीं बस स्टेशनों को तोड़ने का काम भी अब तेज हो गया है। कोर्ट के समक्ष अफसरों ने कहा है कि मार्च माह तक सारी बाधाएं दूर हो जाएंगी। ग्यारह किलोमीटर लंबे बीआरटीएस पर पीडब्ल्यूडी एलिवेटेड कॉरिडोर बना रहा है। इस पर चार सौ करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि खर्च होगी। इसके लिए बीआरटीएस हटाने का फैसला लिया गया। हाईकोर्ट में बीआरटीएस हटाने के लिए याचिका लगी थी, लेकिन बीते कई वर्षों से नगर निगम बीआरटीएस की उपयोगिता बताते हुए अपना पक्ष रखता आ रहा था, लेकिन मुख्यमंत्री मोहन यादव की घोषणा के बाद नगर निगम ने खुद हाईकोर्ट के समक्ष कहा था कि सरकार बीआरटीएस हटाना चाहती है।

# रिश्ते हुए शर्मसार: नौ माह की मासूम के साथ दरिंदगी, रिश्ते के दादा पर लगे संगीन आरोप

**दमोह ■ निसं**

जिले में नौ माह की मासूम के साथ दुराचार की आशंका ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। परिजनों ने रिश्ते के ही दादा पर आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जिले के नोहटा थाना अंतर्गत एक गांव में नौ माह की मासूम के साथ दुराचार की आशंका का मामला सामने आने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि वारदात को अंजाम देने वाला कोई बाहरी व्यक्ति नहीं, बल्कि बच्ची का ही रिश्ते का चचेरा दादा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**मां ने आपत्तिजनक स्थिति में देखा:** जानकारी के अनुसार बच्ची घर में थी और उसकी मां घरेलू काम में व्यस्त थी। इसी दौरान जब वह कमरे में पहुंची तो आरोपी को बच्ची के साथ आपत्तिजनक हालत में देखा। मां को देखते ही आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना से घबराए परिजन तत्काल थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

**आधी रात अस्पताल पहुंची पुलिस:**



शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात पुलिस बच्ची को जिला अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों की टीम ने मेडिकल परीक्षण किया। बच्ची को उपचार के लिए भर्ती किया गया है। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है, हालांकि पूरी घटना की बारीकी से जांच की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी लगातार अस्पताल और जांच टीम से जानकारी ले रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया, सीएसपी एचआर पांडे, कोतवाली टीआई मनीष कुमार, टीआई अंजलि अग्निहोत्री, थाना प्रभारी अभिषेक पटेल सहित अन्य अधिकारी देर रात तक अस्पताल में मौजूद रहे और स्थिति की मॉनिटरिंग करते रहे। जिला अस्पताल में सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल, डॉ. सीमा और अन्य चिकित्सकों की टीम बच्ची की जांच व उपचार में जुटी है। घटना के बाद गांव और आसपास के क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। मानवता को शर्मसार करती घटना से लोगो में आक्रोश है, जिसके चलते ग्रामीणों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि हर पहलू से जांच की जा रही है और दोषी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### आरोपी की तलाश में टीम गठित

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक पीड़िता की मां की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई है और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### ग्वालियर में रुपए वापस मांगने पर तांत्रिक का हमला

**ग्वालियर।** ग्वालियर में झाड़-फूंक करने वाले एक तांत्रिक से पैसे वापस मांगना युवक को भारी पड़ गया। आरोप है कि तांत्रिक ने धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसके हाथ में गहरा कट लग गया। विवाद के दौरान तांत्रिक की भाभी ने भी युवक को चप्पलों से पीटा। घटना शुक्रवार शाम कंपू क्षेत्र स्थित बीजासेन माता मंदिर के पास सब्जी मंडी की है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, घायल को इलाज के लिए भेजा और आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार फरियादी संतान न होने की समस्या का इलाज तांत्रिक से करा रहा था, इसी दौरान पैसों को लेकर विवाद हुआ। ग्वालियर के कंपू थाना क्षेत्र की फर्श वाली गली, गुढ़ा गुढ़ी का नाका निवासी रिंकू गोयल (जाटव), जो एक निजी फर्म में काम करता है, ने दो साल पहले समस्या के समाधान के लिए झाड़-फूंक करने वाले राकेश जाटव से इलाज कराया था।

### कृषि विज्ञान मेले में सीमा बालकृष्ण पाटीदार, डालकी, सेगाँव को सम्मानित किया गया




**खरगोन ■ निसं**

25, 26 एवं 27 फरवरी को आयोजित पूसा कृषि विज्ञान मेले में इनोवेटिव फार्मर 2026 के तहत सीमा बालकृष्ण पाटीदार, डालकी, सेगाँव, जिला खरगोन (मध्य प्रदेश) को सम्मानित किया गया।

यह सम्मान केवल सीमा बालकृष्ण पाटीदार का नहीं, बल्कि पूरे निमाड़ क्षेत्र तथा सभी महिला एवं पुरुष किसान भाइयों-बहनों का सम्मान है। मेले के तीनों दिनों में रेसिड्यू फ्री फार्मिंग, आईपीएम (इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट), बागवानी, मिर्च प्रोसेसिंग, दलहन-तिलहन उत्पादन, आधुनिक कृषि तकनीक, प्रोसेसिंग एवं ब्रांडिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर वैज्ञानिकों द्वारा सरल, व्यावहारिक एवं उपयोगी मार्गदर्शन दिया गया।

हमारा संकल्प है कि पूसा, दिल्ली में प्राप्त नई तकनीक और ज्ञान को अपने गांव, तहसील, जिले एवं राज्य के किसानों तक पहुँचाएँगे।

- रेसिड्यू फ्री खेती को बढ़ावा देंगे
- बागवानी एवं बहुफसली खेती को अपनाएँगे
- स्वयं के प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने की दिशा में कार्य करेंगे
- किसानों को प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाएँगे

नई तकनीकों का उपयोग कर उत्पादों की प्रोसेसिंग और ब्रांडिंग के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाना ही हमारा मुख्य लक्ष्य है। किसान मजबूत तो देश मजबूत रहेगा।

## ग्वालियर में पांच लाख रुपए की लूट का मामला

# लूट के बाद बदमाश व्यापार मेला भी घूमने गए थे, पुलिस को लास्ट लोकेशन गोला का मंदिर मिली

**ग्वालियर ■ निसं**

ग्वालियर में दो दिन पहले एक प्लाईवुड कंपनी के कर्मचारी से पांच लाख रुपए की लूट करने वाले एक्टिवा सवार बदमाशों का पुलिस अभी तक कोई सुराग नहीं लगा पाई है। पुलिस की कई टीम वारदात के खुलासे के लिए पड़ताल में लगी हैं। दो दिन में कई स्पॉट पर लुटेरों के धुंधले सीसीटीवी फुटेज मिले हैं। बदमाश की लास्ट लोकेशन गोला का मंदिर चौराहा पर नजर आई है। इतना ही नहीं बदमाशों को मेला के अंदर जाते देखा गया है।

लेकिन उसके बाद वह कहां ओझल हो गए यह पता नहीं चल सका है। पुलिस को आशंका है कि वारदात करने वाले पड़ोसी शहर मुरैना से हो सकते हैं। पुलिस गोला का मंदिर के बाद भिंड व मुरैना रोड पर सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। फिलहाल पुलिस को बदमाशों का पूरा रूट नहीं मिला है। पुलिस मेला में लगे कैमरे भी खंगाल रही है।

**5 लाख रुपए से भरा बैग छीना:** ग्वालियर के महलगांव में रहने वाला वासुदेव शर्मा मूल रूप से राजस्थान का निवासी है। यहां वह अपने बड़े भाई संदीप कुमार के साथ महलगांव में रहता है। संदीप



राजस्थान की किसी प्लाईवुड कंपनी के लिए सेल्स व कलेक्शन का काम ग्वालियर में संभालता है। 25 फरवरी की शाम संदीप ने अपने साथी वासुदेव को दाल बाजार से दो फर्म से कलेक्शन करने के लिए कहा था। वासुदेव ने एक फर्म से 1.5 लाख और दूसरी फर्म से 3.5 लाख रुपए कलेक्शन किया था।

लगभग पांच लाख रुपए लेकर कर्मचारी दाल बाजार से निकला और अचलेश्वर मंदिर पहुंचा। यहां उसने संदीप को फोन कर पूछा कि रकम किसे देनी है। संदीप ने थोड़ी देर में जानकारी देने की बात कही। काफी देर तक फोन नहीं आने पर वासुदेव एमएलबी कॉलेज ग्राउंड में बैठा रहा और बाद में वहां से निकलने लगा। तभी काले रंग एक्टिवा पर आए दो बदमाशों ने उस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए विवाद शुरू कर दिया। बहस के दौरान बदमाशों ने उसका बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कंपू थाना प्रभारी अमर सिंह सिकरवार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और क्षेत्र में नाकाबंदी कराई, लेकिन आरोपी हाथ नहीं आए थे।

**फोटो से पता करने मे जुटी पुलिस:** पुलिस को सीसीटीवी कैमरे और अन्य स्पॉट से जो फुटेज मिले है, उस आधार पर उनके हुलिए से पुलिस लुटेरों का पता कर रही है। अभी तक उनके फुटेज पुलिस कई लोगों को दिखा चुकी है, लेकिन कुछ महत्वपूर्ण सुराग पुलिस को नहीं मिला है।


पुलिस ने जब घटना स्थल से लेकर शहर में बदमाशों के भागने का रूट पता किया तो फुटेज खंगालते हुए लगभग पांच किलोमीटर दूर गोला का मंदिर चौराहा पर बदमाशों के लास्ट लोकेशन सीसीटीवी फुटेज के रूप में मिली है।

# 8 किलो 313 ग्राम गांजे के साथ महिला गिरफ्तार

### कोर्ट से जमानत पर थी, पहले भी 6 किलो गांजा रखने पर पकड़ाई थी

**इंदौर ■ निसं**

क्राइम ब्रांच की टीम ने शुक्रवार को देवास-इंदौर बायपास रोड डागरिया फॉर्म हाउस के पास निपानिया से एक महिला को 8 किलो 313 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। महिला पहले भी 6 किलो गांजे के मामले में गिरफ्तार हो चुकी थी। वर्तमान में वह कोर्ट से



जमानत पर थी। महिला के पास से 8 किलो 313 ग्राम गांजा, 1 आईफोन, 1 टू व्हीलर सहित कुल 3 लाख 50 हजार का सामान जब्त किया गया है।

राजेश दंडोतिया, एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच, इंदौर ने पूरे मामले की जानकारी दी।

### एम्स भोपाल के वैज्ञानिकों की बड़ी शारीरिक खोज

# अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित अध्ययन से चिकित्सा जगत में नई दिशा

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

एम्स भोपाल ने चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। संस्थान के डॉक्टरों और शोधकर्ताओं ने नाक के पीछे और गले के ऊपरी हिस्से ;नासाग्रसनी क्षेत्र में मौजूद एक खास ग्रंथि की पहचान की है। इतना ही नहीं, उन्होंने उस ग्रंथि से निकलने वाली नलिका डक्ट को भी स्पष्ट रूप से दिखाया है, जिसके बारे में पहले जानकारी उपलब्ध नहीं थी। यह खोज मानव शरीर की संरचना को समझने में एक नया और महत्वपूर्ण कदम है।



इस शोध दल में प्रो. सुनीता अरविंद अठावले,प्रो. शीतल कोटगिरवार, प्रो. मनाल एम. खान, प्रो. अंशुल राय, प्रो. दीप्ति जोशी और प्रो. डॉ. रेखा लालवानी शामिल थीं। टीम ने विस्तृत अध्ययन और सूक्ष्म जांच के माध्यम से इस ग्रंथि की स्थिति, आकार और आसपास के अंगों से उसके संबंध को स्पष्ट किया। विशेष बात यह रही कि पहली बार इस ग्रंथि की निकासी नलिका को भी प्रमाणित किया गया, जिससे यह साबित हुआ कि यह वास्तव में एक स्वतंत्र ग्रंथि है। यह शोध विश्व की प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पत्रिका जर्नल ऑफ एनाटॉमी में प्रकाशित हुआ है, जो शरीर रचना विज्ञान के क्षेत्र में बहुत सम्मानित मानी जाती है। इस शोध को विशेषज्ञों द्वारा गहन जांच के बाद स्वीकार किया गया, जिससे इसकी वैज्ञानिक विश्वसनीयता सिद्ध होती है।

इस खोज का सीधा लाभ मरीजों को मिलेगा। नाक और गले के इस हिस्से की बेहतर समझ से सिर और गर्दन की सर्जरी अधिक सुरक्षित और सटीक तरीके से की जा सकेगी। कैंसर के इलाज और रेडियोथेरेपी की योजना बनाने में भी मदद मिलेगी। साथ ही, मेडिकल जांच इमेजिंग के माध्यम से बीमारियों का पता लगाने में और अधिक सटीकता आएगी।

इस उपलब्धि पर कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ प्रो. ;डॉ. माधवानन्द कर ने शोध टीम को बधाई दी और कहा कि इस प्रकार के शोध संस्थान की उत्कृष्ट और बहु.विषयक अनुसंधान क्षमता को दर्शाते हैं। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि मानव शरीर के उन हिस्सों में भी,जिनका लंबे समय से अध्ययन किया जा रहा है, नई और महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आ सकती हैं। यह खोज चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक कदम है।

### विधायकों-महापौर से पांच लाख तो पार्षदों से 51 का सहयोग!

# आजीवन सहयोग निधि अभियान : भाजपा में कद के हिसाब से लिया जा रहा चंदा

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

भाजपा ने अपने नियमित खर्चों को पूरा करने के लिए आजीवन सहयोग निधि अभियान शुरू किया है, जो 28 फरवरी तक चलेगा। इसमें कार्यकर्ता व आमजन से स्वैच्छिक तौर पर 50 करोड़ रुपये तक जुटाने की तैयारी है। वर्ष 2025 में 25 करोड़ रुपये एकत्र हुए थे। पार्टी ने इस वर्ष दो बड़े परिवर्तन किए हैं। एक तो यह कि सहयोग निधि सिर्फ डिजिटल माध्यम से ही ली जाएगी, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और कोई प्रश्न नहीं उठा पाए। दूसरा यह कि 20 हजार रुपये से अधिक सहयोग निधि देने वालों का पैन नंबर भी लिया जाएगा। वहीं इस बार भाजपा के अंदर अब कद के हिसाब से चंदा लिया जा रहा है। यानी पार्टी में जिसका जितना बड़ा कद है उससे चंदे की उम्मीद भी उतनी अधिक है। विधायकों-महापौर से पांच-पांच लाख तो पार्षदों से 51-51 हजार का सहयोग लिया जा रहा है।

अभी तक नगद या चेक दोनों विकल्प देकर आजीवन सहयोग निधि जुटा रही प्रदेश भाजपा अब वर्ष 2026 में सिर्फ चेक, आरटीजीएस और एनईएफटी के जरिए पार्टी के खाते में ऑनलाइन पैसा ले रही है। पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर प्रारंभ हुआ आजीवन सहयोग निधि अभियान 28 फरवरी तक चलना है। इस बार चेक के जरिए चंदा लिया जा रहा है। संगठन से लेकर सत्ता में बैठे नेताओं तक से आजीवन सहयोग निधि संग्रह की जा रही है। पार्टी ने 50 करोड़ का लक्ष्य तय किया है ऐसे में 50 हजार से लेकर पांच लाख रुपये सामान्य रूप से लिया जा रहा है। इसके ऊपर जो जितना देना चाहे। मंत्री पद वालों से राशि उससे कई गुना ज्यादा है। इसके अलावा पदाधिकारियों से भी सदस्यता निधि की राशि के लिए आग्रह किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### निगम सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे 7 कर्मियों को दी ससम्मान विदाई

**भोपाल।** नगर निगम, भोपाल में अपनी सेवा अवधि पूर्ण कर निगम सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे 07 कर्मियों को उपायुक्त हीरेन्द्र सिंह कुशवाह ने शॉल, श्रीफल, मिष्ठान आदि भेंटकर ससम्मान बिदाई दी और उनके दीर्घ एवं सुखमय जीवन की कामना की। माता मंदिर, हर्षवर्धन काम्प्लेक्स स्थित निगम कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित बिदाई समारोह में उपायुक्त हीरेन्द्र सिंह कुशवाह ने निगम की सेवा से सेवानिवृत्त हो रही स्टेनो टाईपिस्ट श्रीमती लीली मैथ्यू, नि.श्रे.लि. श्रीमती शहाना अली, श्रीमती कौशल्या रंगवानी, कुर्क अमीन नौशाद अली, श्रमिक पुरूषोत्तम, सफाई मित्र रामप्यारे तथा विनियमित स्थाईकर्मी श्रीमती नसरीन को ससम्मान बिदाई दी और उनके दीर्घ एवं सुखमय जीवन की कामना भी की। इस मौके पर सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष एस. नजीर अहमद के अलावा राम सिंह राठौर, हसन तैयब, जगदीश प्रसाद, आनंद कुमार फुलवानी, अब्दुल रफीक सहित निगम के अन्य कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि व बड़ी संख्या में निगम के अधिकारी,कर्मचारी मौजूद थे।

### वृद्ध दादी से बातचीत के बाद पोते ने लगाई फांसी

**भोपाल।** नये शहर के शाहपुरा थाना इलाके में स्थित बारह नंबर मल्टी में एक युवक ने मंगलवार-बुधवार की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया है कि युवक काम के बाद देर रात घर लौटा इसके बाद उसने 85 साल की दादी से बातचीत की और कुछ देर टीवी देखता रहा। उसके बाद अपने कमरे में चला गया। अगली सुबह पिता काम से घर लौटे तो उन्हें बेटे का शरीर फंदे पर लटका नजर आया। शुरुआती जॉच में पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के मुताबिक 12 नंबर मल्टी शाहपुरा निवासी राकेश कनाडे पुत्र रमेश कनाडे (33) प्राइवेट काम करता था। उसके परिवार में पिता, बड़ा भाई और दादी है। मां का बचपन में ही देहांत हो चुका है। राकेश का बड़ा भाई इंदौर में रहता है। पिता रमेश कनाडे ने पुलिस को बताया कि वह सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं। आरजीपीवी कॉलेज में उनकी नाइट ड्यूटी रहती है। मंगलवार रात वह घर से ड्यूटी चले गए थे। रात करीब दस बजे राकेश घर आया और दादी से बातचीत के बाद अपने कमरे में चला गया। सुबह जब वह आये तो उन्हें राकेश का शरीर फंदे पर लटका नजर आया।

### शिक्षिका को कुदाली मारकर किया घायल

**भोपाल।** शहर की गोविंदपुरा थाना इलाके में आरोपी पति द्वारा अपनी शिक्षिका पत्नि को कुदाली मारकर बुरी तरह घायल किये जाने की घटना सामने आई है। बताय गया है कि आरोपी पति को शराब पीने की लत है, और वह नशे में घर पहुंचा था। उसका विरोध करते हुए जब पत्नि ने उसे समझाइश दी तब उसने उस पर वार कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल पत्नि की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना पुलिस के अनुसार बरखेड़ा पठानी स्थित एन-3 सेक्टर में रहने वाली डोरथी डेविस पति हेन्डी डेविस (49) ने अपनी शिकायत में बताया की वह एक मिशनरी स्कूल में टीचर हैं।

### आलीराजपुर को मिली 171 करोड़ रूपए से अधिक के 49 विकास कार्यों की सौगात

# क्रांति का तेजस्वी स्वर थे शहीद चंद्रशेखर आजाद : मुख्यमंत्री

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर आलीराजपुर स्थित उनकी जन्मस्थली चंद्रशेखर आजाद नगर (भाबरा) पहुंचकर उनकी प्रतिमा को नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद भारत की क्रांति का तेजस्वी स्वर थे। राज्य सरकार अमर बलिदानी और क्रांतिकारियों के जीवन से प्रेरणा लेकर गरीब, किसान, युवा और नारी (जीवायएएन) कल्याण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में गुजरात के साथ-साथ पड़ौसी मध्यप्रदेश के आलीराजपुर जिले का भी आर्थिक तंत्र बदला है। आलीराजपुर भील जनजाति की संस्कृति और स्वाभिमान की भूमि है। आज देश प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर आलीराजपुर में आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्थानीय मान्यता के प्रतीक बाबा भीलट देव, बाबा डूंगर देव, बाबा पाटला देव, रानी काजल माता, डूंगरी माता और मालवाई माता को नमन करते हुए कहा कि आलीराजपुर की पावन मिट्टी ने चंद्रशेखर आजाद सहित शहीद छीतू किराड़ जी को जन्म दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्थानीय नायकों के बलिदान और योगदान को नमन करते हुए प्रदेश के जन-जन तक पहुँचाने के लिये प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आलीराजपुर में 1800 करोड़ लागत वाली नर्मदा सिंचाई परियोजना का कार्य प्रगति पर है। इससे 170 गांवों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। हमारे जनजातीय अंचल के किसानों को भी सिंचाई सुविधाओं का पूरा लाभ मिलेगा। किसानों की समृद्धि के लिए राज्य सरकार ने वर्ष 2026 को किसानों के लिए समर्पित किया है। हमारी सरकार लाड़ली बहनों को हर महीने 1500 रुपए की राशि दे रही है। साथ ही किसान भाइयों में खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को प्रतिवर्ष 12 हजार (6 हजार केंद्र और 6 हजार रूपये राज्य) द्वारा दिये जा रहे हैं। प्रदेश के गरीब-जरूरतमंदों की सहायता के लिए जिलों में नि:शुल्क शव वाहन की व्यवस्था की गई है। सड़क हादसे में घायलों को त्वरित इलाज उपलब्ध कराने के लिए राहवीर योजना की शुरुआत की गई है। जनजातीय बच्चे पढ़-लिखकर शासकीय सेवा में आएं, इसके लिए नि:शुल्क कोचिंग योजना प्रारंभ की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आलीराजपुर जिले के समग्र विकास के लिए 171 करोड़ लागत के 49 विकास कार्यों की अनुपम सौगात दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आलीराजपुर जिले में ग्राम संपर्क मजबूत करने के लिए विभिन्न सड़कों के निर्माण की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व-सहायता समूह, बैंक ऋण वितरण, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना के हितग्राहियों को हितलाभ एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आलीराजपुर के चहुंमुखी विकास के लिए रिमोट से 79.92 करोड़ की लागत से 14 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खंडाला में 34 करोड़ 20 लाख रूपए की लागत से निर्मित भव्य सांदीपनि विद्यालय, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 27 करोड़ 75 लाख रूपए की लागत से निर्मित 4 उच्च स्तरीय पुलों, 7 करोड़ रूपए की लागत से नवीन बालक-बालिका छात्रावास भवनों एवं 8 करोड़ रूपए की लागत से बलेडी (जोबट) और नानपुर में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का लोकार्पण किया।

### गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन को बढ़ावा

# प्रदेश में पर्यावरण-संरक्षण के संदेश के साथ मनेगी होली

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

इस वर्ष होली पर्व को पर्यावरण-संरक्षण और सामाजिक सद्भाव के संदेश के साथ मनाया जाए। इसके लिए राज्य शासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे आपसी मतभेद भुलाकर भाईचारे, सामाजिक एकता और उल्लास के साथ होली मनाएं। होलिका दहन में लकड़ी के स्थान पर गो-काष्ठ (उपलों) का अधिकाधिक उपयोग करें।



प्रदेश सरकार द्वारा जारी निर्देश अनुसार जनसहयोग एवं सामाजिक सहभागिता के माध्यम से प्रयास किया जाएगा कि होलिका दहन में लकड़ी की जगह गो-काष्ठ का प्रयोग हो। साथ ही, प्राकृतिक एवं हर्बल रंगों से होली खेलने, जल संरक्षण करने तथा पशु-पक्षियों पर रंग न डालने के संकल्प के साथ उत्सव मनाने के लिए नागरिकों को प्रेरित किया जाएगा। जिलों में विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाले सार्वजनिक होलिका दहन कार्यक्रमों का नि:शुल्क पंजीयन कराया जाए। यह पंजीयन जिला मुख्यालय, तहसील, नगरीय निकाय एवं पंचायत स्तर पर किया जाएगा। पंजीयन के दौरान आयोजक संस्था की संक्षिप्त जानकारी, पदाधिकारियों के नाम एवं संपर्क विवरण प्राप्त किए जाएंगे। लकड़ी के स्थांन पर करें गो-काष्ठ का उपयोग

जिला स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कर नागरिकों को गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन के लिए प्रेरित किया जाएगा। नगरीय निकायों एवं पंचायत राज संस्थाओं को इस अभियान में सक्रिय रूप से शामिल किया गया है। होलिका दहन के दिन मैदानी अमला सार्वजनिक आयोजनों का निरीक्षण कर लकड़ी के स्थान पर गो-काष्ठ के उपयोग को प्रोत्साहित करेगा। जिन आयोजनों में पूर्ण रूप से गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन किया जाएगा, उनको संबंधित अधिकारी द्वारा प्रमाणित कर कलेक्टर को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। जिलों के कलेक्टर ऐसे आयोजनों का संकलन सुनिश्चित करेंगे। प्रदेश सरकार आगामी दिनों में जिला मुख्यालयों पर जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। उत्कृष्ट गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन करने वाली संस्थाओं एवं उनके पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

### खाद्य आपूर्ति अधिकारी विदिशा को दिया गया कारण बताओ नोटिस

# 100 दिवस सें अधिक सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का प्रमुखता से करें निराकरण - संभागायुक्त संजीव सिंह

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

संभागायुक्त संजीव सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि संभाग के सभी जिलों में सीएम हेल्पलाइन में लंबित 100 दिवस से अधिक शिकायतों पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए खाद्य आपूर्ति अधिकारी विदिशा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी जिलों के सीएम हेल्पलाइन प्रभारी एडीएम को प्रत्येक सप्ताह राजस्व संबंधी शिकायतों का रिव्यू कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके साथ स्वास्थ्य विभाग विदिशा की लंबित शिकायतों पर सख्त नाराजगी व्यक्त की।



किसान सम्मान निधि एवं प्राकृतिक आपदा राहत वितरण राशि के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण न करने वाले तहसीलदारों को कारण बताओं नोटिस जारी कर आगामी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में विदिशा जिले की लंबित शिकायतों के लिए राजस्व उपायुक्त श्रीमती किरण गुप्ता को विदिशा जिले में राजस्व अधिकारियों की बैठक कर शिकायतों के निराकरण करने के निर्देश दिए।

संभागायुक्त सिंह ने कलेक्टर्स - कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस के कृषि एवं एलाइड विभागों की समीक्षा करते हुए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, उद्यानिकी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत भोपाल संभाग के सभी जिलों में कृषि एवं एलाइड विभागों के फसलों, उद्यानिकी क्लस्टर के अंतर्गत भोपाल जिले में प्याज, लहसुन, सब्जी मसाला क्षेत्र विस्तार का 400 हेक्टेयर रकबा, विदिशा, सीहोर, रायसेन में टमाटर, प्याज, लहसुन क्षेत्र विस्तार का 600 हेक्टेयर रकबा एवं राजगढ़ में संतरा क्षेत्र विस्तार के रकबे का डीपीआर प्रारूप तैयार कर वर्ष 2026-27 के लक्ष्य निर्धारित करें।

# मार्च माह में सभी अवकाश दिनों में बिजली बिल भुगतान केन्द्र खुलेंगे

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत 07 मार्च, 14 मार्च, 21 मार्च, 28 मार्च शनिवार एवं 01 मार्च, 08 मार्च, 15 मार्च, 22 मार्च, तथा 29 मार्च रविवार, 03 मार्च होली, 19 मार्च गुड़ी पड़वां, 20 मार्च जमात-उल-विदा/ ईद उल-फितर के ठीक पूर्व का दिवस/ रानी अवंती बाई का बलिदान दिवस, 27 मार्च रामनवमीं तथा 31 मार्च महावीर जयंती को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे।



भोपाल शहर वृत्त के अंतर्गत चारों शहर संभाग यथा पश्चिम, पूर्व, दक्षिण तथा उत्तर संभाग के अंतर्गत सभी जोनल कार्यालय और दानिश नगर, मिसरोद, मण्डीदीप में बिल भुगतान केन्द्र उक्त अवकाश के दिन भी सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे। बिजली उपभोक्ताओं से अपील है कि वे राजधानी के जोनल आफिस में पीओएस (pos) मशीन से कैश के जरिए बिल भुगतान तथा ऑनलाइन माध्यम से भी बिल भुगतान कर सकते हैं। कंपनी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी 16 जिलों में बिजली वितरण केन्द्र/बिल भुगतान केन्द्र अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे। इसके लिए सभी मैदानी महाप्रबंधकों को निर्देशित किया गया है।

**ऑनलाइन भुगतान करें और पाएं छूट:** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा निम्नदाब घरेलू उपभोक्ताओं को ऑनलाइन भुगतान करने पर उनके कुल बकाया बिल पर 0.50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है साथ ही अधिकतम छूट के लिए कोई सीमा बंधन नहीं है। इसी प्रकार उच्चदाब उपभोक्ताओं को प्रति बिल कैशलेस भुगतान पर 100 रूपये से 1000 रुपये तक की छूट दी जा रही है।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से बिजली का बिल ऑनलाइन भुगतान करने की अपील की है। कंपनी ने कहा है कि उपभोक्ताओं को एम.पी.ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेन्टर, कंपनी पोर्टल portal.mpcz.in (नेट बैंकिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, यूपीआई, ईसीएस, बीबीपीएस, कैश कार्ड एवं वॉलेट आदि) फोन पे, अमेजान पे, गूगल पे, वॉट्सऐप पे, पेटीएम एप एवं उपाय मोबाइल एप के माध्यम से बिल भुगतान की सुविधा उपलब्ध है।

### सरकारी धान में हुए करोड़ों के घोटाले में ईओडब्ल्यू का बड़ा एक्शन

# नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों और राइस मिल संचालक पर एफआईआर दर्ज

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

ईओडब्ल्यू द्वारा शासकीय धान की हेराफेरी के आरोप में बड़ी कार्यवाही करते हुए मार्कफेड, नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों के साथ ही राइस मिल संचालक पर एफआईआर दर्ज की है।



**ऐसे हुआ था सरकार धान घोटाला: ट्रक के ओवरलोडिंग का चालान होने पर हुआ था खुलासा** - विभाग द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में मिलिंद ठाकरे निवासी बालाघाट द्वारा शिकायत की गयी थी, कि विपणन संघ एवं नागरिक आपूर्ति निगम बालाघाट के संबधित अधिकारी के विरुद्ध शासन के साथ शासकीय धान की कस्टम मिलिंग के नाम पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की गई है। शिकायत की जांच में सामने आया की 2 अप्रैल 2024 को सचदेव राईस मिल कोसमी बालाघाट से अवैध रूप से शासकीय धान महराष्ट्र ले जाते हुये 2 ट्रकको परिवहन विभाग के अंतरराज्यीय इंटिग्रेटेड चैक पोस्टए रजेगांव में चैक किये गये। इंटिग्रेटेड चैक पोस्ट पर एक ट्रक ओवर लोडिंग पायें जानें पर 12 हजार का चालान किया गया। सूचना मिलने पर पर मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित (मार्कफेड) बालाघाट के अभिषेक निषाद,उप प्रबन्धक (वित्त)द्वारा मौके पर अपने कर्मचारियों के साथ जांच की गई जिसमें ट्रकों को सचदेव राईस मिल कोसमी का होना एवं ट्रको में शासकीय धान को परसवाड़ा कैप से भरकर राईस मिल कोसमी लाने का गेटपास पाया गया।

**राईस मिल संचालक ने दी गलत जानकारी**

सचदेव राईस मिल के संचालक द्वारा मार्कफेड के अधिकारी से गलब बयानी करते हुए कहा गया ट्रक कोसमी स्थित उसकी राईसमिल को जा रहे थे, लेकिन ड्रायवर को नींद में होने के कारण रजेगांव (महाराष्ट्र) बार्डर पर पंहुच गये। मार्कफेड के जांचकर्ता अधिकारी द्वारा इस पर उससे मिलीभगत कर उसके दोनो ट्रकों पर प्रति ट्रक 25 हजार रुपये का जुर्माना कर मामला रफादफा कर दिया गया। मार्कफेड से मिले दस्तावेजों में इन दोनो ट्रकों का परसवाड़ा कैप से धान का लोड किया जाना नही पाया गया।

इसी तरह जुलाई 2024 से पदस्थ जिला विपणन अधिकारी विवेक तिवारी ने षडयंत्र एवं अनियमितता करते हुये मिल की 4 मैट्रिक टन प्रति घण्टा क्षमता होते हुये 6 मैट्रिक टन प्रति घण्टा की क्षमता ज्यादा दर्शाकर 36 लॉट धान का अनुबंध इसी मिल मालिक से किया। मिलिंग पर अपेक्षित बिजली खपत न होर्ते हुयें भी ट्रक पर्ची गेट पास, तौल पर्ची, फास्ट टैग के बगैर तत्कालीन जिला प्रबन्धक पीयूष माली म0प्र0 स्टेट सिविल सप्लाई कार्पोरेशन बालाघाट,लेखापाल दुर्गेष बैस म0प्र0 स्टेट सिविल सप्लाई कार्पोरेशन बालाघाट द्वारा मात्र स्वीकृति पत्रक के आधार पर बिना प्रमाण पत्र प्राप्त किये। इसका भुगतान जिला विपणन संघ के खाते में किया गया।

### श्रद्धालु व्रत, संयम के साथ कर रहे जाप अनुष्ठान

# नंदीश्वर जिनालय में श्रीफल अर्पित कर श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान की अर्चना

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

राजधानी के मंदिरों में भगवान सिद्ध की आराधना में लीन हैं श्रद्धालु, नंदीश्वर जिनालय में विराजमान भगवान जिनेंद्र की प्रतिमाओं का अभिषेक हुआ, भक्ति के साथ जाप अनुष्ठान हुए। श्रद्धालु व्रत संयम के साथ भौतिक सुख सुविधाओं से दूर रहकर भगवान सिद्ध की आराधना में लीन हैं। प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया कि जगत शांति की कामना के साथ मंडल पर श्री फल अर्पित हुए, ध्वजा रोहण कर्ता एडवोकेट प्रमोद ऊषा चौधरी , सो धर्म इंद्र कमल क्रांति, द्रव्य सहयोग अरविंद अर्चना, प्रियेश अर्पिता आर टी ओ, कुबेर पदम संगीता, श्रीपाल मेना सुंदरी राकेश सुनीता सलामतपुर, महायज्ञ नायक शैलेश रेखा, अन्य प्रमुख इंद्र विपिन विनीता सिंघई, विनोद पुष्पा जैन, डॉ शैलेंद्र डॉ स्वाति, मनोज नीलिमा, सृजन अजीत वंदना बर्फी हाउस, प्रशांत अमिता, अशोक सुनीता, आर एस आनंद, नीलम वर्धन, चक्रेश ममता चौधरी, ऋषभ कमलेश सिंघई, निर्मल सरोज हुंडी, नरेंद्र शोभा बजाज द्वारा मंडल पर अष्ट द्रव्य अर्पित किए गए।

**प्राचीन ताड़ पत्र ग्रंथों की प्रदर्शनी :** प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया नंदीश्वर जिनालय में प्राचीन ग्रंथों की प्रदर्शनी लगाई जा रही है।

## अनमोल वचन

तुम अपने मिनटों का ध्यान रखो, घंटे अपनी परवाह खुद कर लेंग।
– अर्ल ऑफ चेस्टरफील्ड

भविष्य केवल उनका है जो सपनों की सुंदरता में यकीन करते है।
– एलेअनोर रूज़वेल्ट

## सम्पादकीय

# शांति से डिगती दुनिया पहुंची युद्ध के मुहाने पर

आज का वैश्विक परिदृश्य अस्थिरता और संघर्ष के संकटों से जूझता हुआ नजर आ रहा है। रुस और यूक्रेन के बीच लगातार जारी तनाव, इजराइल और हमास के बीच गाजा में संघर्ष, सीरिया संघर्ष, ईरान पर अमेरिकी हमले की आशंका, और अब पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान के बीच सीमा पर सैन्य टकराव ने स्पष्ट कर दिया है कि दुनिया युद्ध के मुहाने पर खड़ी है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच डूरंड लाइन पर लगातार बढ़ते तनाव ने स्थिति को सीधे सैन्य संघर्ष में तब्दील कर दिया है। वैसे पाकिस्तान इन दिनों अशांति के चरम दौर से गुजर रहा है, ऐसे में उसका अफगानिस्तान से सीधा टक्कर लेना किसी बड़े झमेले में फंसने से कम नहीं है। तालिबान पर तरह–तरह के आरोप लगाकर एयरस्ट्राइक कर अपनी पीठ थपथपाने के बाद जो तस्वीर सामने आ रही है वह न सिर्फ चिंता में डालने वाली है बल्कि इंसानियत के नाते भयावह भी है। दरअसल पाकिस्तान को जवाब देते हुए अफगान सेना ने दावा किया है कि पाकिस्तानी चौकियों पर कब्जा कर 55 सैनिकों को मार गिराया और कई को बंदी बना लिया गया है। वहीं पाकिस्तान ने काबुल, कंधार और पक्तिका में हवाई हमले कर 130 से अधिक अफगान लड़ाकों को ढेर करने का दावा किया है। इससे पहले अफगानिस्तान कह चुका है कि पाकिस्तान ने आम नागरिकों को निशाना बनाया है, जिसमें मौतें भी हुई हैं। वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान ने 'ऑपरेशन ग़ज़ब लिल हक' के तहत तालिबान ठिकानों और चौकियों पर बमबारी की, जबकि अफगान प्रवक्ता ने पाकिस्तानी चौकियों और ब्रिगेड मुख्यालयों को निशाना बनाने का दावा किया। इस सैन्य संघर्ष में आम नागरिकों की जान पर सबसे ज्यादा खतरा मंडरा रहा है। शरणार्थी शिविरों पर मिसाइल हमलों से महिलाओं और बच्चों सहित दर्जनों घायल और मृत हुए हैं। दरअसल इस पूरे विवाद की जड़ 2,611 किलोमीटर लंबी डूरंड लाइन है, जिसे अफगानिस्तान कभी मान्यता नहीं देता। टीटीपी की गतिविधियाँ और मध्यस्थता के टूटने से सीमा पर हालात और नाजुक हो गए हैं। ऐसे समय में पाकिस्तान द्वारा भारत को इस संघर्ष में घसीटने की कोशिश ने क्षेत्रीय तनाव को और बढ़ा दिया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने तालिबान को भारत का 'प्रॉक्सी' करार देते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं, जबकि कई विश्लेषक इसे आंतरिक असफलताओं और सीमा पर नियंत्रण खोने का ध्यान भटकाने वाला कदम मान रहे हैं। दक्षिण एशिया में यह तनाव वैश्विक शांति के लिए भी चिंता का विषय है। अगर यह संघर्ष और बढ़ा, तो क्षेत्रीय अस्थिरता और मानवीय संकट गहरा सकता है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच टकराव न केवल स्थानीय लोगों की सुरक्षा के लिए खतरनाक है, बल्कि वैश्विक तेल, वाणिज्य और निवेश पर भी असर डाल सकता है। आखिर यह कैसे भुलाया जा सकता है भारत की सीमा से लगे अधिकांश देशों में हिंसा बढ़ी है, जेन–जी क्रांति ने नेपाल और ढाका में तो सत्ता पलटने का काम भी किया है, ऐसे में पाकिस्तान और अफगानिस्तान का संघर्ष वाकई बड़ी चिंता पैदा करने वाला है। इसलिए वैश्विक स्तर पर शांति स्थापित करने के लिए कूटनीतिक प्रयासों का महत्व बढ़ गया है। बताया जा रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने भरोसेमंद सहयोगियों जेरेड कुश्नर और स्टीव विटकॉफ को मध्यस्थता के लिए नियुक्त किया है। उन्होंने जिनेवा में ईरान, यूक्रेन और गाजा से संबंधित कई उच्चस्तरीय वार्ता की। ईरानी परमाणु समझौते और अमेरिका–इज़राइल संभावित हमलों को टालने के प्रयासों के अलावा, यूक्रेन–रूस संघर्ष में भी संवाद का रास्ता खोलने की कोशिश की गई। कुश्नर और विटकॉफ की सक्रियता यह दर्शाती है कि कूटनीति केवल सरकारी संस्थानों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि व्यक्तिगत और व्यावसायिक नेटवर्क भी संकट समाधान में भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि, इन प्रयासों में कई चुनौतियाँ हैं। गाजा, अफगानिस्तान और यूक्रेन के मुद्दे तकनीकी, ऐतिहासिक और सामाजिक जटिलताओं से भरे हुए हैं। एक ही समय में इन सभी समस्याओं का समाधान ढूंढना व्यावहारिक रूप से कठिन है। ऐसे में कहना गलत नहीं होगा कि निजी दूतों की भूमिका में पारदर्शिता की कमी और व्यावसायिक हितों का टकराव शांति प्रयासों में बाधक बन सकता है। फिलहाल, दुनिया शांति और युद्ध के बीच संवेदनशील संतुलन पर खड़ी है। युद्ध की संभावनाएँ केवल क्षेत्रीय नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर आर्थिक और मानव सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। ऐसे समय में अंतरराष्ट्रीय समुदाय की जिम्मेदारी है कि वह सभी पक्षों को संयम बरतने, नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और विवादों को कूटनीतिक संवाद के माध्यम से सुलझाने के लिए प्रेरित करे।

## चिंतन-मनन

# इसलिए सबसे छोटा है कलियुग

शास्त्रों में सृष्टि के आरंभ से प्रलय काल तक की अवधि को चार युगों में बांटा गया है। वर्तमान में हम जिस युग में जी रहे हैं उसे कलयुग कहा गया है। इससे पहले तीन युग बीत चुके हैं सतयुग, त्रेता और द्वापर। भगवान श्री राम का जन्म त्रेतायुग में हुआ था और द्वापर में भगवान श्री कृष्ण का। कलियुग के अंत में भगवान कलकि अवतार लेंगे और संसार में फैले पाप और अन्याय के साम्राज्य का अंत करके पुन? धर्म की स्थापना करेंगे। भगवान ने चारों युगों में सबसे कम उम्र कलियुग को प्रदान किया है। शास्त्रों में सतयुग की अवधि 17 लाख 28 हजार वर्ष बतायी गयी है और त्रेता की अवधि 12 लाख 28 हजार। द्वापर युग की अवधि 8 लाख 64 हजार है जो त्रेता से लगभग 4 लाख वर्ष कम है। कलियुग की अवधि द्वापर से ठीक आधी, यानी 4 लाख 32 हजार है।

सतयुग से कलयुग तक सभी युगों की अवधि छोटी होती गयी है। इसका कारण यह है कि, भगवान बताना चाहते हैं, जो जितना पापी होगा उसकी उम्र उतनी कम होगी। भविष्य पुराण सहित कई शास्त्रों एवं पुराणों में बताया गया है कि कलियुग में पाप की पराकाष्ठा होगी। मनुष्य का व्यवहार सृष्टि के नियम के विरूद्ध होता जाएगा। हिंसा में मनुष्य पशुओं को भी पीछे छोड़ देगा। पशु तो सिर्फ अपनी भूख मिटाने के लिए दूसरे पशु को मारते हैं मनुष्य अकारण ही दूसरे मनुष्य को मारेगा। सच्चे संत भिखारी कहलाएंगे और अपमानित होंगे। कथावाचक और झूठे संत ऊंचे आसन पर विराजमान होंगे। तुलसीदास जी ने भी कलियुग के इस रूप का वर्णन किया है। त्रेतायुग में रावण ने सीता का हरण किया लेकिन उनकी मर्जी के बिना उन्हें अपनाना पाप समझा। इस युग में छोटा भाई बड़े भाई के प्रति आज्ञाकारी था। बड़ा भाई अपने स्वार्थ के लिए छोटे भाई के साथ छल नहीं करता था। इसका उदाहरण राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न ये चार भाई हैं। त्रेता से जब द्वापर में आते हैं तब पाप बढ़ता दिखता है। द्वापर युग में देवर अपनी भाभी को बीच सभा में नग्न करने की कोशिश करता है जिसका उदाहरण द्रौपदी चीर हरण की घटना है। राजा अपनी शक्ति के मद में अबला स्त्री को हवस का शिकार बनाना चाहता है। इसका उदाहरण जयद्रथ द्वारा द्रौपदी हरण और दुर्योधन द्वारा भीलों की कन्या का हरण करने की घटना है। भाई अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए पूरे परिवार को युद्ध की आग में झोंक देता है इसका उदाहरण महाभारत युद्ध है। लेकिन कलियुग में आये दिन भाई–भाई, बाप–बेटे में स्वार्थ की पूर्ति के लिए लड़ाई होती है। लोगों की काम–वासना इतनी बढ़ गयी है कि आये दिन स्त्रियों का हरण होता है और उन्हें अपमानित किया जाता है। पाप आचरण से भरा हुआ कलियुग अगर अधिक दिनों का होगा तो सृष्टि में हाहाकार मच जाएगा। यही कारण है कि भगवान ने कलियुग को सबसे कम उम्र दिया।

# अमेरिकी टैरिफ पर सियासत नहीं रणनीति की जरूरत भारत के हित सर्वोपरि होने चाहिए



कांतिलाल मांडोत

> कांग्रेस द्वारा हर निर्णय का विरोध करना राजनीतिक दृष्टि से समझ में आ सकता है परंतु आर्थिक मामलों में अतिरेक उचित नहीं है। यदि टैरिफ अठारह प्रतिशत से घटकर पंद्रह प्रतिशत हुआ है तो इसे पूर्ण पराजय या धोखा कहना तथ्यों के साथ न्याय नहीं करता। व्यापार समझौते हमेशा गतिशील होते हैं। अंतरिम डील का मसौदा बदला जा सकता है और कूटनीति में पुनर्विचार की गुंजाइश बनी रहती है। ऐसे में विपक्ष को रचनात्मक सुझाव देने चाहिए ताकि सरकार बेहतर रणनीति बना सके।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा सभी देशों पर पंद्रह प्रतिशत समान टैरिफ लगाने की घोषणा ने वैश्विक व्यापार जगत में नई हलचल पैदा कर दी है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। पहले दस प्रतिशत की बात हुई फिर चौबीस घंटे के भीतर पंद्रह प्रतिशत का ऐलान कर दिया गया। इस बदलाव ने यह स्पष्ट कर दिया कि अमेरिका अपनी घरेलू आर्थिक और राजनीतिक जरूरतों के अनुसार व्यापार नीति को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। ऐसे समय में भारत को भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं बल्कि संतुलित और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। भारतीय राजनीति में इस मुद्दे को लेकर आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने इसे देश के साथ धोखा बताया और सरकार पर अमेरिकी दबाव में झुकने का आरोप लगाया। वहीं नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का कहना है कि वह राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर संभव कूटनीतिक प्रयास कर रही है। इस पूरे घटनाक्रम में यह देखना अधिक महत्वपूर्ण है कि वास्तविक आर्थिक प्रभाव क्या होगा और भारत को आगे की रणनीति कैसी बनानी चाहिए।

सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि पंद्रह प्रतिशत का बेसलाइन टैरिफ सभी देशों पर समान रूप से लागू किया गया है। इससे भारत को कोई अलग से दंड नहीं मिला है बल्कि वह अन्य प्रतिस्पर्धी देशों के समान स्तर पर आ गया है। टेक्सटाइल और मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में यह समानता भारत के लिए चुनौती भी है और अवसर भी। यदि वियतनाम और बांग्लादेश जैसे देश इसी दर पर निर्यात करेंगे तो भारत को अपनी लागत प्रतिस्पर्धा और गुणवत्ता सुधार पर अधिक ध्यान देना होगा। यह समय आत्ममंथन का है न कि केवल राजनीतिक बयानबाजी का। एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि फार्मा पेट्रोलियम और कुछ इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों को इस पंद्रह प्रतिशत टैरिफ से बाहर रखा गया है। इन पर पहले की तरह लगभग तीन प्रतिशत का औसत शुल्क लागू रहेगा। भारत अमेरिका को बड़ी मात्रा में दवाइयां और ऊर्जा उत्पाद निर्यात करता है। यदि इन क्षेत्रों को राहत मिली है तो यह स्पष्ट संकेत है कि अमेरिका भी उन उत्पादों पर सख्ती नहीं कर सकता जो उसकी अपनी जरूरत से जुड़े हैं। इसका अर्थ है कि भारत की आपूर्ति श्रृंखला और वैश्विक महत्व को पूरी तरह नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

कांग्रेस द्वारा हर निर्णय का विरोध करना राजनीतिक दृष्टि से समझ में आ सकता है परंतु आर्थिक मामलों में अतिरेक उचित नहीं है। यदि टैरिफ अठारह प्रतिशत से घटकर पंद्रह प्रतिशत हुआ है तो इसे पूर्ण पराजय या धोखा कहना तथ्यों के साथ न्याय नहीं करता। व्यापार समझौते हमेशा गतिशील होते हैं। अंतरिम डील का मसौदा बदला जा सकता है और कूटनीति में पुनर्विचार की गुंजाइश बनी रहती है। ऐसे में विपक्ष को रचनात्मक सुझाव देने चाहिए ताकि सरकार बेहतर रणनीति बना सके। भारत को यह भी समझना होगा कि अमेरिका की नीतियां केवल भारत को लक्ष्य करके नहीं बनतीं। अमेरिका अपने घरेलू उद्योगों को संरक्षण देने के लिए वैश्विक स्तर पर दबाव की नीति अपनाता है। ट्रम्प प्रशासन ने पहले भी टैरिफ को कूटनीतिक उपकरण की तरह इस्तेमाल किया है। इसलिए भारत को दीर्घकालिक दृष्टि से अपनी निर्यात रणनीति को विविधीकृत करना होगा। यूरोप एशिया अफ्रीका और लैटिन अमेरिका में नए बाजार तलाशने होंगे। यदि किसी एक देश पर अत्यधिक निर्भरता रहेगी तो ऐसी नीतिगत अस्थिरता से झटका लगना स्वाभाविक है।

यह भी सच है कि भारत का चीन के साथ व्यापार घाटा लगातार बढ़ रहा है। यदि अमेरिका के साथ व्यापार में अस्थिरता आती है तो भारत को अपने घरेलू विनिर्माण को मजबूत करने का अवसर समझना चाहिए। निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन देकर उच्च तकनीक और वैल्यू एडेड उत्पादों पर ध्यान देना होगा। केवल कच्चा माल या निम्न मूल्य के उत्पाद निर्यात कर हम वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे नहीं बढ़ सकते।

राजनीतिक विमर्श में यह भी देखा जा रहा है कि सरकार की हर पहल को संदेह की नजर से देखा जा रहा है। लोकतंत्र में आलोचना आवश्यक है परंतु जब मुद्दा राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का हो तो भाषा संयमित और तथ्यों पर आधारित होनी चाहिए। जनता को यह समझना होगा कि वैश्विक व्यापार में स्थायित्व कम और परिवर्तन अधिक होता है। ऐसे में सरकार और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है कि वे देश के हित को सर्वोपरि रखें।

भारत की कूटनीतिक ताकत पिछले कुछ वर्षों में बढ़ी है। बहुपक्षीय मंचों पर सक्रिय भूमिका और विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते इसका प्रमाण हैं। यदि अमेरिका के साथ किसी प्रावधान में संशोधन की आवश्यकता होगी तो बातचीत के माध्यम से समाधान निकाला जा सकता है। टकराव की भाषा से बाजार में अनिश्चितता बढ़ती है और निवेशकों का विश्वास प्रभावित होता है।

अंततः यह कहना उचित होगा कि पंद्रह प्रतिशत टैरिफ को लेकर अतिशयोक्ति से बचना चाहिए। यह न तो पूर्ण जीत है और न ही पूर्ण हार। यह वैश्विक व्यापार राजनीति का एक अध्याय भर है। भारत को आत्मनिर्भरता और निर्यात विविधीकरण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ना होगा। विपक्ष को चाहिए कि वह केवल विरोध की राजनीति से ऊपर उठकर ठोस आर्थिक सुझाव दे। सरकार को चाहिए कि वह पारदर्शिता बनाए रखे और उद्योग जगत को स्पष्ट दिशा प्रदान करे।

देश की अर्थव्यवस्था किसी एक बयान या एक निर्णय से नहीं डगमगाती। मजबूत नीति स्पष्ट रणनीति और सामूहिक राजनीतिक परिपक्वता ही हमें वैश्विक अनिश्चितताओं से सुरक्षित रख सकती है। अमेरिका की नीति बदल सकती है पर भारत की दीर्घकालिक आर्थिक सोच स्थिर और दूरदर्शी होनी चाहिए। यही समय की मांग है और यही राष्ट्रीय हित की सच्ची रक्षा भी है।

( L 103 जलवंत टाऊनशिप पूणा बॉम्बे मार्केट रोड, नियर नन्दालय हवेली सूरत मो 99749 40324 वरिष्ठ पत्रकार साहित्यकार–स्तम्भकार )

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विशेष

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस व भौतिक विज्ञानी सर सी.वी. रमन



संजय गोस्वामी

> शिक्षा को मनुष्य की सबसे बड़ी जरूरत मानने वाले सी वी रमन का पूरा नाम 'चंद्रशेखर वेंकटरमन' था। खोजी प्रवृत्ति के धनी सी. वी. रमन ने वर्ष 1930 में भौतिकी के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार जीता। श्री रमन द्वारा जीते गए नोबेल पुरस्कार ने भारतीय वैज्ञानिक समुदाय की ओर पूरे विश्व का ध्यान आकर्षित किया।दरअसल इस संसार में इंसान अपने कार्यों से प्रभाव छोड़ता है। उनके प्रभावों से उनकी शख्सियत बनती है। इतिहास गवाह है कि सी.वी. रमन के 'रमन प्रभाव' ने वैश्विक पटल पर इतना उम्दा प्रभाव छोड़ा कि वे हमेशा के लिये महान वैज्ञानिकों की सूची में शामिल हो गए।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी 2026 को पूरे भारत में मनाया जाता है। यह दिवस 1928 में भौतिक विज्ञानी सर सी.वी. रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज की याद में मनाया जाता है जिसके लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार मिला था। दैनिक जीवन में वैज्ञानिक अनुप्रयागों के महत्व को रेखांकित करना ,यह दिवस भारत के तकनीकी विकास और युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित करने का एक राष्ट्रव्यापी प्रयास है स्कूलोंकॉलेजों और अनुसंधान संस्थानों में विज्ञान प्रदर्शनियांक्विज और वाद–विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं 28 फरवरी 1928 को सी.वी. रमन ने रमन प्रभाव की खोज की थीजिसने भारतीय विज्ञान को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित किया इस वर्ष के आयोजन का उद्देश्य विकसित भारत के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकी और वैज्ञानिक अनुसंधान को प्रोत्साहित करना है।

इसका मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना और हमारे दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलानाभारत को दूसरा सी.वी. रमन नहीं मिल सकता है– किंतु सी.वी. रमन के जीवन से सीख हासिल कर रमन परंपरा अथवा वैज्ञानिक खोजों को आगे बढ़ाया जा सकता है। 'जितनी जल्दी नई पीढ़ी के प्रेरणास्रोत वैज्ञानिक, चिकित्सक, शिक्षक, सैनिक और किसान बनने लगेंगे उतनी जल्दी भारत विकसित देशों की सूची में शामिल होगा।' हमें समझना पड़ेगा कि – कोई भी अनुसंधान करने में कठिन परिश्रम और लगन की आवश्यकता होती है, कीमती उपकरण की नहीं। सी.वी. रमन कहते हैं – 'हमेशा सही सवाल पूछें, फिर देखना प्रकृति अपने सभी रहस्यों के द्वार खोल देगी।' वे ये भी कहते हैं कि 'शिक्षा का उद्देश्य लोगों को स्वतंत्र रूप से सोचने और अपने स्वयं के निर्णय लेने के लिये सक्षम बनाना है।' उनके विचार से यही प्रतीत होता है कि सी.वी. रमन सीखने–सिखाने व तर्कसंगत सवाल करने के पक्षधर थे। विज्ञान और वैज्ञानिक क्यों व कैसे में न पड़ें तो खोज व आविष्कार कैसे हो पाएगा? शिक्षा को मनुष्य की सबसे बड़ी ज़रूरत मानने वाले सी वी रमन का पूरा नाम 'चंद्रशेखर वेंकटरमन' था। खोजी प्रवृत्ति के धनी सी. वी. रमन ने वर्ष 1930 में भौतिकी के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार जीता। श्री रमन द्वारा जीते गए नोबेल पुरस्कार ने भारतीय वैज्ञानिक समुदाय की ओर पूरे विश्व का ध्यान आकर्षित किया।दरअसल इस संसार में इंसान अपने कार्यों से प्रभाव छोड़ता है। उनके प्रभावों से उनकी शख्सियत बनती है। इतिहास गवाह है कि सी.वी. रमन के 'रमन प्रभाव' ने वैश्विक पटल पर इतना उम्दा प्रभाव छोड़ा कि वे हमेशा के लिये महान वैज्ञानिकों की सूची में शामिल हो गए। भारतरत्न, भौतिकी का नोबेल पुरस्कार, फ्रेंकलिन मेडल, लेनिन शांति पुरस्कार और रॉयल सोसाइटी ने सी.वी. रमन की प्रतिष्ठा व लोकप्रियता में उत्तरोत्तर वृद्धि की। आज दुनिया जिस सी.वी. रमन को जानती है उनके बनने की प्रक्रिया तप–त्याग से होकर गुज़री है। 'अपनी नाकामयाबियों के लिये मैं खुद ज़िम्मेदार हूँ, अगर मैं नाकामयाब नहीं होता तो इतना सब कुछ कैसे सीख पाता।' इस विचार के समर्थक सी.वी. रमन का जन्म 7 नवंबर, 1888 को तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में हुआ था। गणित व भौतिकी का माहौल इन्हें घर ने ही प्रदान किया था। इनके पिता चंद्रशेखर अय्यर गणित व भौतिकी के लेक्चरर थे। उन्हीं से रमन में विज्ञान व शिक्षण के प्रति लगाव पैदा हुआ। और यह लगाव अंतिम साँस तक कायम रहा। होनहार बिरवान के होत चिकने पात!

बालक सी.वी. रमन का मन विज्ञान में खूब रमता था। वे बचपन में खेल–खेल में प्रयोग किया करते थे। विद्यालय और छात्रावास में अपने सहपाठियों के साथ जबकि घर में भाई–बहनों के साथ विज्ञान के छोटे–छोटे प्रयोग में मशगूल रहना उनकी दिनचर्या का मूल हिस्सा बन गया था। सभी घटनाओं में वे कार्य–कारण सिद्धांत को लागू किया करते थे। अंतिम जवाब मिलने तक वे स्वयं से सवाल किया करते थे। विज्ञान में गहरी रुचि और पिताजी के द्वारा गणित व विज्ञान में किये जा रहे शिक्षण कार्य ने बालक सी.वी. रमन के मस्तिष्क पर अमिट छाप छोड़ी। यही वजह है कि वे विज्ञान व गणित की पढ़ाई करने के लिये प्रेरित हुए। प्रतिभाशाली सी.वी. रमन ने बहुत जल्दी स्कूल की पढ़ाई पूरी की, 11 साल की आयु में अपनी माध्यमिक शिक्षा पूरी की, 13 साल में अपनी उच्च माध्यमिक शिक्षा पूरी की और 16 साल की आयु में स्नातक की डिग्री हासिल की। उन्होंने भौतिकी में गोल्ड मेडल हासिल किया। इसके बाद मद्रास विश्वविद्यालय से बेहतरीन अंकों के साथ गणित में स्नात्तकोत्तर की डिग्री हासिल की।

# क्या साइलेंट वारियर्स डॉग्स से सबक लेंगे देश में छिपे गद्दार?

पिछले दिनों भारत के सैन्य बल को जम्मू डिवीजन के कठुआ, ऊधमपुर, डोडा और किश्तवाड़ जिलों में आतंकियों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में सेना के डॉग टायसन ने जान पर खेल कर बहतरीन काम किया है यहां तक की आतंकियों की गोलीबारी में सेना का टायसन नामक डॉग जख्मी भी हुआ है। सेना के कुत्ते, जिन्हें अक्सर साइलेंट वॉरियर्स कहा जाता है, सुरक्षा, जासूसी, बारूदी सुरंगों का पता लगाने, तलाशी और बचाव अभियानों में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मेरठ के रीमाउंट और वेटरनरी कॉर्प्स सेंटर में प्रशिक्षित ये कुत्ते जर्मन शेफर्ड, लैब्राडोर, बेल्जियन मैलिनोइस जैसी नस्लों के होते हैं, जो आतंकवाद विरोधी अभियानों में सैनिकों की जान बचाते हैं। दूसरी ओर गौर कीजिए देश में काश्मीर से लेकर कोलकाता तमिलनाडु केरल तक ऐसे सक्रिय और स्लीपर सैल से जुड़े आतंकी और आतंकियों के मददगार पकड़े जा रहे हैं जो इस देश का अन्न जल खाकर भी मजहबी उन्माद और नफरती विषवमन से ग्रसित होकर देश के खिलाफ गद्दारी कर रहे हैं। ये गद्दार देशद्रोही इंसान का जन्म लेकर भी नमक का फर्ज अदा करना तो दूर देश के दुश्मनों के मंसूबों को पूरा करने में मददगार बन रहे हैं ये इन जानवरों में जन्म लेने के बावजूद प्रशिक्षण लेकर देश के लिए काम करने वाले डॉग्स से भी सबक ले सकते हैं।



मनोज कुमार अग्रवाल

आपको बता दें हाल ही में सुरक्षा बलों को जम्मू डिवीजन में सक्रिय इन आतंकवादियों का सफाया करने के लिए चलाए जा रहे ऑप्रेशन त्राशि–1 के दौरान आखिरकार 22 फरवरी, 2026 को बड़ी सफलता मिली।जम्मू के किश्तवाड़ के घने जंगल में हुई भीषण मुठभेड़ में भरतीय सेना के जवानों ने एक ढोक भेड़–बकरियां आदि चराने वालों अर्थात गड़रियों द्वारा मौसम बदलने पर रहने के लिए बनाए गए अस्थायी आवास में छिपे हुए आतंकवादियों पर रॉकेट दागकर जैश–ए–मोहम्मद के शीर्ष पाकिस्तानी कमांडर और सात साल से सुरक्षा बलों को चकमा दे रहे 10 लाख के ईनामी सैफुल्लाह सहित तीन आतंकवादियों को मार गिराया।एक रिपोर्ट के अनुसार राकेट दागने से हुआ धमाका इतना जबरदस्त था कि इसके परिणामस्वरूप एक आतंकवादी की खोपड़ी ही पूरी तरह छलनी हो गई तथा तीनों आतंकवादियों के शव पूरी तरह जल गए। मुठभेड़ स्थल से 2 ए. के. 47 राइफलें और भारी मात्रा में युद्धक सामग्री बरामद हुई। गत कुछ वर्षों से ये आतंकवादी लगातार अपनी छिपने के ठिकाने बदलते आ रहे थे और पहाड़ी इलाकों व घने जंगलों का लाभ उठाकर अपना नैटवर्क बनाने में जुटे हुए थे। इस आप्रेशन को सफल बनाने में भारतीय सेना के मददगार डॉग स्कवायड के टायसन नामक खोजी श्वान का बड़ा योगदान रहा। आतंकवादियों के ठिकानों की ओर वही सबसे पहले बढ़ा था।

## खास बात

### सीएए ना हुआ, चुनाव आयोग की परीक्षापास होंगे या फेल

सुप्रीम कोर्ट ने नागरिकता संशोधन कानून को लेकर अंतिम सुनवाई 5 मई से करने के आदेश दिए हैं। नागरिकता संशोधन कानून और चुनाव आयोगक की एसआईआर का चोली दामन का साथ हो गया है। चुनाव आयोग को नागरिकता तय करने का कोई अधिकार नहीं है। वह मतदाता सूची के लिए नागरिकों से मतदाता होने का प्रमाण मांग रही है। 2014 से लेकर अभी तक यह विवाद चल आ रहा है। चुनाव आयोग ने इस विवाद पर आग में घी डालने का काम किया है। सुप्रीम कोर्ट ने सीएए के लंबित मामले की अंतिम सुनवाई का फैसला कर लिया है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला क्या होगा। इसको लेकर अटकलें शुरू हो गई हैं।

### ब्रिटेन राजा के भाई, एपिस्टीन फाइल में गिरफ्तार

ब्रिटेन के राजा किंग चार्ल्स के भाई एंड्रयू को ब्रिटेन की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बाद में उनकी जमानत भी हो गई है। कुख्यात यौन अपराधी जैफ्री एपस्टीन की करतूतों मैं वह भी शामिल थे। इस मामले में इंग्लैंड की सरकार कभी भी गिर सकती है। यौन जेफ्री ने अमेरिका की जेल में आत्महत्या कर ली थी।यह आशंका जताई जा रही है। उसे इजराइल गुप्त तरीके से भगाया गया है। लोगों का कहना है,अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और जैफ्री के बीच में गाढी दोस्ती थी। ट्रंप की सहायता से उसे अमेरिका की जेल से भगाया गया, और उसके आत्महत्या की झूठी खबर को फैलाया गया है। जैफ्री के यौन अपराधों में बड़े–बड़े नेताओं के नाम भी शामिल हैं। भारत के भी नाम हैं। भारत में अभी इसका कोई असर नहीं है।सच क्या है, यह तो भगवान ही जानते हैं। विपक्ष जरूर सत्ता पक्ष को घेरने का प्रयास कर रहा है।

### और लो राजा, अब 22 राज्यों में एसआईआर

केंद्रीय चुनाव आयोग ने राजधानी दिल्ली सहित 22 राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू करने का निर्णय लिया है। अभी 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर का काम चल रहा है। इसका पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा विरोध हो रहा है। ममता बनर्जी खुद सुप्रीम कोर्ट में पैरवी करने पहुंच गई थी। सुप्रीम कोर्ट में पिछले कई महीने से सुनवाई चल रही है।अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ।

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, फाल्गुन शुक्ल पक्ष, शिशिर ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोद्रय पश्चिमे तिथि, द्वादशी, शनिवार, पुर्नवसु नक्षत्रे, सौभाग्य योगे, वलकरणे, कर्क की चंद्रमा, त्रिपुस्कर योग, देव प्रतिष्ठा जलखनन तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल........**

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तम वृत्ति वाला, उत्तम वक्ता, अभिनेता, जिद्दी–हठी, कमीशन एजेन्ट तथा भूमि–भवन को बेचने–खरीदने वाला, बड़े नेताओं का सचिव, कार्यकर्ता, शासक–प्रशासक, उद्यमी, दलाल होगा।

**मेष राशि :–** धन का व्यय होगा, तनाव पूर्ण वातावरण से बचने का प्रयास करें, स्वास्थ्य नरम रहेगा।

**वृष राशि :–** अधिकारियों के समर्थन से साधन जुटायेंगे, शुभ समाचार अवश्य ही मिलेगा।

**मिथुन राशि :–** चिन्तायें कम होंगी, सफलता के साधन जुटायेंगे, शुभ समाचार से हर्ष होगा।

**कर्क राशि :–** बड़े-बड़े लोगों से मेल–मिलाप होगा, सुख–समृद्धि के साधन अवश्य ही बनेंगे।

**सिंह राशि :–** स्त्री वर्ग से हर्ष–उल्लास होगा, भोग–ऐश्वर्य की प्राप्ति होगी, कार्यगति उत्तम होगी।

**कन्या राशि :–** प्रतिष्ठा बाल–बाल बचे, संघर्ष से अधिकार प्राप्त करेंगे, भाग्य आपका साथ देगा।

**तुला राशि :–** कुटुम्ब और धन की चिन्ता बनी ही रहेगी, सोचे कार्य परिश्रम से पूर्ण होंगे ध्यान दें।

**वृश्चिक राशि :–** प्रत्येक कार्य में बाधा क्लेशयुक्त रखे, स्थिति सामर्थ योग्य बनेगी ध्यान अवश्य दें।

**धनु राशि :–** भावनायें विक्षुब्ध रहेंगी, दैनिक कार्यगति मदं रहेगी, परिश्रम से कार्य अवश्य बनेंगे।

**मकर राशि :–** तनाव, क्लेश व अशांति, धन का व्यय, मानसिक खिन्नता अवश्य ही बनेगी।

**कुंभ राशि :–** कार्य कुशलता से संतोष, व्यवसायिक समृद्धि के साधन अवश्य ही जुटायेंगे।

**मीन राशि :–** कुटुम्ब के कार्यों में समय बीतेगा तथा हर्षप्रद समाचार मिलेगा, मित्र मिलेंगे।

## दैनिक पंचांग

**28 फरवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





**शनिवार** 2026 वर्ष का 59 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** द्वादशी 20.44 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुनर्वसु 09.35 बजे को समाप्त।
**योग** सौभाग्य 17.02 बजे को समाप्त।
**करण** बव 09.37 बजे तदनन्तर बालव 20.44 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 10.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 08°03'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872634
**जूलियन दिन** 2461099.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान
**तारीख** 10
**विशेष** गोविन्द द्वादशी।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.11 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | मेष | 08.42 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 10.22 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.20 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 14.33 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | सिंह | 16.49 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 19.01 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 21.12 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 23.27 ब.से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | धनु | 01.43 बजे से |
| | | मकर | 03.48 बजे से |
| | | कुंभ | 05.34 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# फिल्म मुन्ना भाई में 'सर्किट' की भूमिका से मिली पहचान : अरशद





बॉलीवुड फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस ब्लॉकबस्टर में अभिनेता अरशद वारसी ने 'सर्किट' का ऐसा यादगार किरदार निभाया कि वह मुख्य अभिनेता संजय दत्त के मुन्ना भाई के रोल को भी बराबरी की टक्कर देते नजर आए। एक इंटरव्यू में अरशद वारसी ने माना कि इस फिल्म ने उनके करियर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया। अरशद वारसी ने याद किया कि 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' से पहले उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। उन्होंने कहा कि उस समय वह मुश्किल से कुछ कमा पाते थे और जो भी पैसे मिलते, उसी में काम कर लेते।

वह बताते हैं कि वह कभी पैसों को लेकर लड़ते या बहस नहीं करते थे। लेकिन जब 'सर्किट' का रोल आया, सब कुछ बदल गया। फिल्म की सफलता के तुरंत बाद उन्हें निर्देशक विपुल शाह का फोन आया, जिसने उनकी सोच ही बदल दी। अरशद के मुताबिक, विपुल शाह ने उनसे बेहद गंभीर लहजे में कहा, 'अगर तुमने 1 करोड़ रुपये से एक पैसा भी कम लिया, तो मैं तुम्हारे पीछे पड़ जाऊंगा।' उन्होंने अरशद को यह भी बताया कि उन्हें शायद अंदाज़ा ही नहीं है कि वह कितने टैलेंटेड हैं। यह वह पहला वक्त था जब अरशद ने अपने मैनेजर से कहा कि अब वह किसी भी प्रोजेक्ट के लिए 1 करोड़ की फीस मांगेंगे। इसके बाद धीरे-धीरे उनकी फीस बढ़ती गई और उनका नाम इंडस्ट्री में मजबूत पहचान बन गया।

दर्शक उन्हें 'अरशद' की जगह 'सर्किट' के नाम से पुकारने लगे। दिलचस्प बात यह है कि अरशद वारसी सर्किट का रोल लगभग नहीं करने वाले थे। उन्होंने बताया कि शुरुआत में उन्हें इस किरदार पर शक था क्योंकि वह संजय दत्त के पीछे खड़े गुंडों में से एक जैसा लगता था। उन्हें यह डर भी था कि कहीं यह उनका आखिरी रोल न बन जाए। कई एक्टर्स इस भूमिका को ठुकरा चुके थे, तब जाकर यह अरशद तक पहुंचा। वह साफ कहते हैं कि अगर उस समय उनकी जिंदगी थोड़ी बेहतर चल रही होती, तो शायद वह भी इस किरदार को मना कर देते। लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। आज सर्किट भारतीय सिनेमा के सबसे आइकॉनिक कॉमिक किरदारों में से एक है।

# आराम और काम के बीच संतुलन बनाना बेहद जरूरी मानती हैं टिस्का



अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा टिस्का वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वे जिंदगी के कुछ खास पलों की यादें फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। उन्होंने कुछ ऐसा ही करते हुए एक मजेदार पोस्ट शेयर किया। अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि आराम और काम के बीच संतुलन बनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने लिखा, घर से काम करना सुनने में बहुत अच्छा लगता है, लेकिन जब दो लेखक एक ही डाइनिंग टेबल पर काम करें तो मुश्किल हो जाता है। मुझे समझ आया है कि घर में साफ सीमाएं होना बहुत जरूरी है, ऐसी जगह जहां आप ध्यान से काम कर सकें, समय पर काम खत्म करें, और फिर सुकून से घर जैसा महसूस कर सकें। काम काम की जगह रहे और घर, घर जैसा ही रहे। अभिनेत्री का यह पोस्ट फैंस को काफी पसंद आ रहा है। वे कमेंट सेक्शन पर तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं।टिस्का चोपड़ा का अभिनय करियर काफी शानदार रहा है। भले ही टिस्का चोपड़ा पर्दे पर कम नजर आईं, लेकिन वह अपनी मौजूदगी से दर्शकों के दिलों में गहरी छाप छोड़ती हैं। अभिनेत्री पिछली बार फिल्म मर्डर मुबारक में नजर आई थीं, जो 15 मार्च 2024 को रिलीज हुई थी। इससे पहले, उनकी तेलुगु क्राइम थ्रिलर फिल्म हिट: द थर्ड केस रिलीज हुई थी। इस फिल्म में उन्होंने एडीजीपी कर्णिका आहूजा का रोल प्ले किया था।

# तापसी को महिला प्रधान फिल्मों से मिली पहचान



समय के साथ हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में बदलाव का दौर आया है। पहले हीरो-प्रधान फिल्मों का जलवा हर तरफ देखने को मिलता था, लेकिन अब महिला प्रधान फिल्मों ने अपनी मजबूत पहचान बना ली है। इस बदलाव की अहम कड़ी रही हैं तापसी पन्नू।

तापसी के करियर को देखें तो उन्होंने अनेक ऐसी फिल्में की हैं, जिनका केंद्र वुमेन इंपावरमेंट सामाजिक जागरूकता और मजबूत महिला किरदार रहे हैं। तापसी पन्नू की महिला-प्रधान फिल्मों की शुरुआत ओटीटी पर बड़ी सफलता पाने वाली बदला से और मजबूत हुई। इस फिल्म में वह अपने प्रेमी के मर्डर केस में फंसी एक ऐसी महिला बनीं, जो खुद को निर्दोष साबित करने की जद्दोजहद करती है। उनकी दमदार परफॉर्मेंस को खूब सराहना मिली और यह फिल्म आईएमडीबी पर 7.7 रेटिंग तक पहुंची। इससे पहले तापसी ने पिंक में काम किया था, जिसका 'नो मींस नो' संवाद समाज में नई सोच जगाने वाला साबित हुआ। फिल्म ने महिलाओं की मर्जी, सहमति और भावनाओं के सम्मान पर जोर देते हुए संकीर्ण सोच पर करारा वार किया। साल 2020 में आई उनकी फिल्म थप्पड़ ने घरेलू हिंसा के मुद्दे को बेहद संवेदनशील तरीके से उजागर किया। फिल्म ने दिखाया कि हिंसा एक 'थप्पड़' से शुरू होती है और यह महिलाएं किस तरह अपने सम्मान की लड़ाई लड़ती हैं। इस फिल्म ने न केवल आलोचकों की प्रशंसा हासिल की, बल्कि वर्ल्डवाइड 44 करोड़ से अधिक का बिज़नेस भी किया। महिला सशक्तिकरण की बात हो तो सांड की आंख का जिक्र जरूरी है। इसमें तापसी ने प्रकाशी तोमर की भूमिका निभाई वह 60 वर्ष की उम्र में शूटिंग चैंपियन बनीं। यह फिल्म दो बुजुर्ग महिलाओं की प्रेरक कहानी पेश करती है, जो पितृसत्तात्मक समाज की बेड़ियों को तोड़कर अपनी पहचान बनाती हैं। साल 2021 की रश्मि रॉकेट भले बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता न पा सकी, लेकिन महिला खिलाड़ियों के साथ होने वाले भेदभाव, जेंडर टेस्टिंग और हाइपरएंड्रोजेनिज्म जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाने के लिए इसे खूब सराहा गया। इसके अलावा तापसी की 'हसीन दिलरुबा', 'ब्लर', 'शाबाश मिठू' और 'नाम शबाना' जैसी फिल्में भी उनकी मजबूत और बहुआयामी परफॉर्मेंस की गवाह हैं।

# होली पर अक्षरा और वरुण का नया गाना होली पे चले गोली रिलीज हुआ

होली का त्योहार जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे ही उत्साह और रंगों की बहार चारों तरफ छा रही है। बाजार सज रहे हैं। भोजपुरी इंडस्ट्री में धीरे-धीरे गाने भी रिलीज हो रहे हैं। इसी कड़ी में भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह का नया गाना होली पे चले गोली रिलीज हो गया। यह गाना काफी धमाकेदार और मजेदार है। इस गाने की खास बात यह है कि इसमें अक्षरा के साथ वरुण शर्मा भी नजर आ रहे हैं। गाने में दोनों कलाकारों का कमाल का परफॉर्मेंस है।



अक्षरा अपने आकर्षक हाव-भाव और स्टाइल से दिल जीत रही हैं, जबकि वरुण शर्मा भी अपना अलग अंदाज बिखेर रहे हैं। गाने में रंग, जोश और मस्ती से भरा माहौल है, जो होली के उत्सव को और भी रंगीन बना रहे हैं। अक्षरा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर गाने का क्लिप शेयर किया। इसके साथ उन्होंने लिखा, होली पे चले गोली इस साल होली का सबसे बड़ा धमाका होने वाला है। रंग, स्टाइल और ढ़ेर सारी मस्ती आपका इंतजार कर रही हैं। इस खास मौके पर आएंगे बेहद मनोरंजक वरुण शर्मा और शानदार अक्षरा सिंह के साथ जश्न होगा जोरदार। गाना एकदम दमदार और जोश से भरपूर होगा। बने रहिए हमारे साथ और इस धमाकेदार सेलिब्रेशन को भूलना मत।सॉन्ग होली पे चले गोली को अभि दत्त, दीपाली साठे और विक्रम मोंट्रोज ने मिलकर गाया है और अजीम शिराजी ने लिखा है, जबकि विक्रम मोंट्रोस ने कंपोज किया है।गाने के रिलीज के बाद फैंस काफी एक्साइटेड हैं। कई लोगों ने अक्षरा सिंह के अंदाज और वरुण शर्मा के साथ उनकी जोड़ी की तारीफ की है। होली के मौके पर भोजपुरी गानों की मांग हमेशा ज्यादा रहती है। अक्षरा सिंह का यह नया गाना लोगों को रंगों में डुबोने और थिरकने का मौका देगा।अक्षरा सिंह भोजपुरी इंडस्ट्री की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में गिनी जाती हैं। वे न सिर्फ अभिनय, बल्कि गायिकी से भी दर्शकों के दिलों में खास पहचान रखती हैं। उनके गाने कई लोगों को पसंद भी आते हैं।

# फिल्म भूत बंगला में नजर आयेंगे अक्षय

अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म भूत बंगला की घोषणा के बाद से ही यह प्रोजेक्ट लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। इस हॉरर-कॉमेडी के जरिए अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की हिट जोड़ी करीब 16 साल बाद बड़े पर्दे पर साथ लौट रही है। इससे पहले दोनों ने हेरा फेरी और भागम भाग जैसी फिल्मों में साथ काम किया था, जिन्हें आज भी पसंद किया जाता है। ऐसे में भूत बंगला को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह है। फिल्म की रिलीज डेट पहले ही घोषित की जा चुकी है, लेकिन अब अक्षय कुमार ने एक नया मोशन पोस्टर साझा किया है।




इस मोशन पोस्टर में अक्षय कुमार का अंदाज बिल्कुल अलग और डरावना नजर आ रहा है। पोस्टर में वह एक खौफनाक सिंहासन पर बैठे दिखाई दे रहे हैं। इस सिंहासन को खास तौर पर डरावना बनाने के लिए उस पर भूतों के सिर जैसी आकृतियां बनाई गई हैं। इस पर बैठे अक्षय ने आंखों पर काला चश्मा लगाया हुआ है और गले के साथ-साथ हाथों में कई रुद्राक्ष और अन्य मालाएं पहनी हुई हैं। एक हाथ में वह माला जपते दिखाई देते हैं, जिससे उनका लुक किसी तांत्रिक जैसा लगता है। उन्होंने धोती पहनी हुई है।

इस पोस्टर को साझा करते हुए अक्षय कुमार ने एक मजेदार कैप्शन भी लिखा, जिसने फैंस की जिज्ञासा को बढ़ा दिया है। कैप्शन में लिखा गया है, दस को देंगे दस्तक, इंतजार करो तब तक। मस्ती शुरू होने दो।भूत बंगला फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली है।

## संक्षिप्त समाचार

### एजी हरियाणा के रवि पुरुष एकल में चैम्पियन

**प्रयागराज।** एजी हरियाणा के रवि ने उत्तर क्षेत्रीय भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा बैडमिंटन प्रतियोगिता में पुरुष एकल के खिताब पर कब्जा जमा लिया। अमिताभ बच्चन कीड़ा संकुल (मेयोहाल) में शुक्रवार को खेले गए पुरुष एकल के फाइनल मुकाबले में रवि ने एजी हिमाचल के कार्तिक जिंदल को दो सीधे सेट में 21-18 और 21-19 से हराकर खिताब अपने नाम किया। मुख्य अतिथि प्रधान महालेखाकार (ऑडिट वन) राजकुमार और विशिष्ट अतिथि महालेखाकार डॉ. सुरेंद्र कुमार ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किया ।समन्वयक लोकेश नाथ त्रिपाठी और कल्याण सहायक अस्करी अब्बास ने अतिथियों का स्वागत किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष उपमहालेखाकार (प्रशासन) शैलेश कुमार अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन और शादाब रजा ने कार्यक्रम का संचालन किया ।मैचों में सीएजी के राजेश कुमार राजपूत (मेघालय), विश्वजीत घोष (असम), शिव कुमार (तमिलनाडु) और ठाकुर चरणजीत सिंह (हरियाणा) ने रेफरी का दायित्व निभाया। इस मौके पर आरएसओ प्रेम कुमार, आरएस बेदी, मनीष गुप्ता, दिनेश कपूर, एमएच चौधरी, अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।

### रणजी ट्रॉफी 2025-26 सीज़न में सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ बने आकिब नबी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने रणजी ट्रॉफी 2025-26 सत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया है। उन्होंने इस सत्र में कुल 60 विकेट लेकर मौजूदा रणजी ट्रॉफी अभियान के सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बनने का गौरव हासिल किया। रणजी ट्रॉफी के इस सत्र में आकिब नबी ने कर्नाटक के खिलाफ मुकाबले में 54 रन देकर पांच विकेट झटके। उनकी घातक गेंदबाजी के सामने कर्नाटक की टीम केवल 293 रनों पर सिमट गई और जम्मू-कश्मीर की पहली पारी के 584 रनों के विशाल स्कोर से काफी पीछे रह गई। इस उपलब्धि के साथ आकिब नबी टूर्नामेंट के 92 वर्षों के इतिहास में एक ही सत्र में 60 विकेट लेने वाले केवल तीसरे तेज गेंदबाज बन गए हैं। यह उनके लिए घरेलू क्रिकेट में एक यादगार उपलब्धि मानी जा रही है। इस सत्र में यह उनका सातवां पांच विकेट हॉल रहा, जबकि रणजी करियर का यह 15वां पांच विकेट हॉल है। आकिब नबी ने यह ऐतिहासिक मुकाम कर्नाटक के बल्लेबाज शिखर शेट्टी को आउट कर हासिल किया। इससे पहले उन्होंने कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल को भी पगबाधा आउट किया, जिन्होंने 160 रनों की शानदार पारी खेलकर टीम को संभालने की कोशिश की थी। आकिब नबी के इस प्रदर्शन से जम्मू-कश्मीर की टीम को मजबूत बढ़त मिली और उनके इस शानदार सत्र की चर्चा पूरे घरेलू क्रिकेट जगत में हो रही है।

### विजय दहिया की निगरानी में चयन प्रक्रिया

# डीडीसीए के ओपन बॉलिंग ट्रायल में 3,500 प्लेयर्स का हुआ पंजीकरण

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने विभिन्न आयु वर्गों और कौशल श्रेणियों में चरणबद्ध ओपन बॉलिंग ट्रायल आयोजित किए, जिनमें 3,500 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया। इस पहल को जबरदस्त प्रतिसाद मिला है।

ट्रायल आयु वर्ग के आधार पर व्यवस्थित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। तेज गेंदबाजों और स्पिनरों के लिए अलग-अलग मूल्यांकन सत्र रखे गए हैं, ताकि पारदर्शिता, निष्पक्षता और केंद्रित आकलन सुनिश्चित किया जा सके। इस पहल का मुख्य उद्देश्य उन प्रतिभाशाली गेंदबाजों की पहचान और मार्गदर्शन करना है, जिन्हें डीडीसीए लीग मैचों में पर्याप्त अवसर नहीं मिल पाता।

कार्यक्रम की खास बात यह रही कि पंजीकरण पूरी तरह निःशुल्क रखा गया। आर्थिक बाधाओं को दूर कर डीडीसीए ने हर पृष्ठभूमि के खिलाड़ियों को समान अवसर देने का प्रयास किया।

प्रारंभिक चरण के बाद चयनित



खिलाड़ियों को अगले दौर के लिए बुलाया जाएगा। ये खिलाड़ी एक संरचित विकास शिविर का हिस्सा बनेंगे, जहां उन्हें तकनीकी मार्गदर्शन, प्रदर्शन मूल्यांकन और दीर्घकालिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा, 'दिल्ली ने इतिहास में कई बेहतरीन गेंदबाज दिए हैं, जिन्होंने राज्य और देश का नाम रोशन किया है। ईशांत शर्मा और आशीष नेहरा जैसे खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ी है। यह पहल ऐसे ही अगले मैच विजेताओं को खोजने की दिशा में एक कदम है।'

उन्होंने कहा, 'दिल्ली में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन कई खिलाड़ियों को सही समय पर उचित मंच नहीं मिल पाता। इस पारदर्शी और चरणबद्ध प्रक्रिया के माध्यम से हम प्रतिभा की पहचान का दायरा बढ़ाना चाहते हैं और दीर्घकालिक विकास की स्पष्ट राह बनाना चाहते हैं।'

डीडीसीए की उपाध्यक्ष शिखा कुमार ने कहा, 'युवा गेंदबाजों के लिए अवसर सिर्फ चयन तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह विश्वास और दिशा देने का माध्यम भी है। हमारा उद्देश्य ऐसा वातावरण बनाना है, जहां गंभीर खिलाड़ी खुद को निखार सकें और भविष्य देख सकें।'

डीडीसीए सचिव अशोक शर्मा ने कहा, '3,500 से अधिक पंजीकरण यह दर्शाते हैं कि दिल्ली के युवा गेंदबाजों में कितनी लगन है। निःशुल्क और सभी आयु वर्गों के लिए खुले ट्रायल का उद्देश्य यही था कि अवसर किसी परिस्थिति से सीमित न हो। हम गेंदबाजी विभाग में गहराई और मजबूत पाइपलाइन तैयार करना चाहते हैं।'

यह शिविर पूर्व भारतीय क्रिकेटर और दिल्ली के पूर्व कप्तान विजय दहिया के नेतृत्व में संचालित हो रहा है। उनके साथ अनुभवी कोच और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी संजेव शर्मा, गुरशरण सिंह, परविंदर अवाना तथा घरेलू क्रिकेटर सुमीत डोगरा और बंटू सिंह भी शामिल हैं।

विजय दहिया ने कहा, 'ऑफ-सीजन की शुरुआत में यह एक बेहतरीन अवसर है। इससे हमें गेंदबाजों की पहचान कर उनके समग्र विकास पर काम करने का समय मिलेगा। मजबूत टीम बनाने के लिए हर स्तर पर मजबूत गेंदबाजी समूह जरूरी है, और यही हमारा लक्ष्य है।'

## टी20 विश्व कप के बीच रिंकू सिंह पर टूटा दुखों का पहाड़, पिता का लीवर कैंसर से निधन

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज़ रिंकू सिंह के पिता खचंद्र सिंह का आज सुबह करीब 4 बजकर 36 मिनट पर स्टेज-4 लीवर कैंसर से लंबी जंग के बाद निधन हो गया। उन्होंने ग्रेटर नोएडा स्थित यथार्थ अस्पताल में अंतिम सांस ली, जहां हाल के दिनों में उनकी तबीयत बेहद नाजुक हो गई थी और उनका इलाज चल रहा था।

परिजनों के अनुसार खचंद्र सिंह वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे और उनकी हालत स्थिर करने के लिए डॉक्टर लगातार रीनल थेरेपी दे रहे थे। गहन चिकित्सा के बावजूद उनकी सेहत में तेजी से गिरावट आई और अंततः उनका निधन हो गया।

यह दुखद घटना उस समय हुई जब रिंकू सिंह भारतीय टीम के साथ टी20 विश्व कप में व्यस्त थे। जिम्बाब्वे के खिलाफ सुपर 8 मुकाबले से पहले जब उनके पिता की हालत बिगड़ी थी, तब वह घर लौटे थे। बाद में वह चेन्नई में टीम से दोबारा जुड़ गए थे। हालांकि पिता के निधन के बाद वो वापस घर लौट गए हैं।

जिम्बाब्वे के खिलाफ मुकाबले में रिंकू सिंह अंतिम एकादश का हिस्सा नहीं थे। टीम संयोजन में बदलाव करते हुए संजू सैमसन और अक्षर पटेल को



शामिल किया गया था। संजू सैमसन को शीर्ष क्रम में मौका मिला, ईशान किशन को नीचे भेजा गया और तिलक वर्मा को फिनिशर की भूमिका सौंपी गई। हालांकि रिंकू मैदान पर बतौर स्थानापन्न खिलाड़ी टीम के साथ मौजूद रहे।

टूर्नामेंट में अब तक रिंकू सिंह पांच मुकाबले खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 24 रन बनाए हैं और फिनिशर की अपनी निर्धारित भूमिका निभाई है।

भारत को अब कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ अहम मुकाबला खेलना है, जो लगभग नॉकआउट जैसा है। ऐसे में रिंकू सिंह की उपलब्धता को लेकर संशय बना हुआ है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड या टीम प्रबंधन की ओर से अभी तक उनकी भागीदारी को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। टीम इंडिया जहां एक ओर महत्वपूर्ण मुकाबले की तैयारी कर रही है, वहीं खिलाड़ी अपने साथी के इस कठिन समय में उनके साथ खड़े हैं।

# जिम्बाब्वे पर मिली जीत के बाद, कप्तान सूर्यकुमार बोले- गेंदबाज़ी में और क्लिनिकल होना होगा

**चेन्नई ■ एजेंसी**

आईसीसी टी 20 विश्व कप सुपर 8 चरण के अपने दूसरे मुकाबले में भारतीय टीम ने गुरुवार को जिम्बाब्वे पर 72 रनों की शानदार जीत दर्ज की। भारत ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 256 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम निर्धारित ओवरों में 6 विकेट पर 184 रन ही बना सकी।

मैच के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टीम के प्रदर्शन पर संतोष जताते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने लीग चरण और पिछले मुकाबले की बातों को पीछे छोड़कर नए सिरे से शुरुआत की।

उन्होंने कहा, 'हमने सोचा कि जो भी लीग चरण में हुआ या पिछले मैच में हुआ, उसे पीछे छोड़ दें। हमारे वीडियो विश्लेषक ने साल भर के प्रदर्शन की एक स्लाइड सभी बल्लेबाज़ों और गेंदबाज़ों के लिए तैयार की थी। हमने उसे देखा और उससे काफी सकारात्मकता मिली। यहां आने के बाद शीर्ष क्रम से लेकर नंबर सात तक सभी बल्लेबाज़ों का योगदान देखना दिल को सुकून देने वाला था।'

हालांकि कप्तान ने माना कि गेंदबाज़ी में अभी सुधार की गुंजाइश है। उन्होंने साफ कहा, 'अगर ईमानदारी से कहूं तो हम गेंद से थोड़ा और क्लिनिकल हो सकते थे।



लेकिन दिन के अंत में जीत, जीत होती है। आगे बढ़ते हुए हम अपनी कमियों पर काम करेंगे और जब वेस्टइंडीज के खिलाफ उतरेंगे तो अपनी रणनीति और मजबूत करेंगे।'

सूर्यकुमार यादव ने जिम्बाब्वे के बल्लेबाज़ों की भी खुलकर तारीफ की। उन्होंने कहा, 'मैं जिम्बाब्वे के बल्लेबाज़ों से कोई श्रेय नहीं छीनना चाहता। उन्होंने बेहतरीन बल्लेबाज़ी की। पिच अच्छी थी, लेकिन उन्होंने पावरप्ले में समय लिया और बाद में समझदारी से खेला। उन्हें भी पूरा श्रेय जाता है। हालांकि गेंदबाज़ी के नजरिए से हमें कुछ मौकों पर बेहतर विकल्प चुनने चाहिए थे।' आगामी मुकाबले को लेकर कप्तान ने संकेत दिए कि टीम को साहसिक फैसले लेने होंगे। उन्होंने कहा, 'ऐसी परिस्थितियों में हमें और ज्यादा साहसी बनना होगा और सकारात्मक रास्ता ही अपनाना होगा। कोलकाता पहुंचने के बाद हम बैठकर वेस्टइंडीज के खिलाफ मुकाबले की रणनीति बनाएंगे। फिलहाल कल आराम का दिन है, फिर यात्रा करेंगे और खुद को तरोताजा रखेंगे।

अब सबकी नजरें वेस्टइंडीज के खिलाफ 1 मार्च को होने वाले अगले अहम मुकाबले पर टिकी हैं, जहां भारतीय टीम सेमीफाइनल में जगह बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी।

### अंडर-19 महिला ट्राई-सीरीज़ के लिए ऑस्ट्रेलियाई कोचिंग स्टाफ़ में शामिल हुईं मेग लेनिंग

**ब्रिस्बेन।** ऑस्ट्रेलिया की दिग्गज क्रिकेटर मेग लेनिंग अगले महीने क्वींसलैंड में आयोजित होने वाली अंडर-19 महिला त्रिकोणीय श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया के सहयोगी स्टाफ से जुड़ेंगी। इस बात की जानकारी क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को दी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से वर्ष 2023 में संन्यास लेने वाली मेग लेनिंग इस श्रृंखला में विकास कोच की भूमिका निभाएंगी।

## व्यापार

# ऑटो पीएलआई योजना लागू होने के बाद गैर-पीएलआई इलेक्ट्रिक दोपहिया निर्माताओं की वृद्धि 407% से घटकर -33 प्रतिशत: सी-डीईपी अध्ययन

**रिपोर्ट में चेतावनी– पीएलआई से मिलने वाला लागत लाभ निर्यात-उन्मुख प्लेटफॉर्म विकसित करने के बजाय घरेलू बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने में इस्तेमाल हो रहा है; भारत के प्रमुख निर्यात बाजारों पर चीनी ईवी कंपनियों से खतरे की आशंका**

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

सेंटर फॉर डिजिटल इकोनॉमी पॉलिसी रिसर्च (सी-डीईपी) ने आज नई दिल्ली में आयोजित एक गोलमेज चर्चा के दौरान ऑटो प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना के भारत के इलेक्ट्रिक दोपहिया उद्योग पर प्रभाव का विस्तृत विश्लेषण जारी किया। यह रिपोर्ट 2021 में शुरू की गई ऑटो पीएलआई योजना की प्रभावशीलता का आकलन करती है।

भारत के इलेक्ट्रिक दोपहिया क्षेत्र ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की दिशा में देश के संक्रमण में अग्रणी भूमिका निभाई है। पिछले छह वर्षों में इलेक्ट्रिक दोपहिया बाजार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और अब कुल दोपहिया बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी लगभग 6 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जो वित्त वर्ष 2019 में नगण्य थी। इस वृद्धि को पीएम ई-ड्राइव और फेम योजना के तहत प्रोत्साहनों, प्रगतिशील नीतिगत ढांचे और बढ़ती उपभोक्ता स्वीकृति का समर्थन



मिला है।

सी-डीईपी के अध्ययन में पांच प्रमुख मानकों– बिक्री प्रदर्शन, निर्यात प्रतिस्पर्धा, नवाचार परिणाम (पेटेंट फाइलिंग और उत्पाद विकास सहित), स्थानीयकरण तथा घरेलू मूल्य संवर्धन– के आधार पर योजना का मूल्यांकन किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, ऑटो पीएलआई योजना ने स्वीकृत कंपनियों के उत्पादन स्तर को बढ़ावा दिया है, लेकिन प्रतिस्पर्धात्मक परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव भी किए हैं।

गैर-पीएलआई इलेक्ट्रिक दोपहिया निर्माताओं की वृद्धि वित्त वर्ष 2022 में +407% से घटकर वित्त वर्ष 2024 में -33% हो गई और वित्त वर्ष 2025 में यह और घटकर -11% रही। पीएलआई-स्वीकृत कंपनियों को अनुमानित 13-16% लागत लाभ प्राप्त है, जिससे वे अधिक आक्रामक मूल्य निर्धारण और तेज क्षमता विस्तार कर पा रही हैं।

निर्यात प्रदर्शन के संदर्भ में भी स्पष्ट अंतर देखा गया। भारत के कुल इलेक्ट्रिक दोपहिया निर्यात का 77% हिस्सा गैर-पीएलआई मॉडलों से आता है, जबकि पीएलआई-स्वीकृत मॉडल कुल निर्यात का एक-चौथाई से भी कम योगदान देते हैं।

रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि यदि नवाचार-आधारित कंपनियों को पर्याप्त समर्थन नहीं मिला, तो नेपाल, लैटिन अमेरिका के कुछ हिस्सों और अफ्रीका जैसे पारंपरिक निर्यात बाजारों में भारत को चीनी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है।

अध्ययन में यह भी उल्लेख किया गया है कि इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल जैसे तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में नवाचार मुख्यतः गैर-पीएलआई कंपनियों द्वारा किया जा रहा है। मोटरसाइकिल भारत के कुल दोपहिया बाजार का लगभग 65% हिस्सा हैं, लेकिन इस खंड में ईवी की पैठ लगभग 0.1% है।

नौ स्वीकृत इलेक्ट्रिक दोपहिया कंपनियों में से केवल चार ही सक्रिय रूप से उत्पादन और बिक्री कर रही हैं। कुछ कंपनियों ने अभी तक पीएलआई-स्वीकृत मॉडल का उत्पादन नहीं किया है, जिसके कारण योजना की कुल राशि ?25,938 करोड़ का प्रभावी उपयोग नहीं हो पा रहा है। दिसंबर 2025 तक केवल ?2,321.94 करोड़ का वितरण किया गया, जो अपेक्षित स्तर से कम है।

रिपोर्ट में निम्नलिखित प्रमुख सिफारिशें दी गई हैंझ- नवाचार-आधारित कंपनियों के लिए लक्षित विंडो खोलना। 'पहले आओ, पहले पाओ' तंत्र लागू करना। जटिल इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल विकास हेतु अतिरिक्त 3-5% प्रोत्साहन देना तथा गैर-प्रदर्शनकारी लाभार्थियों की समय-समय पर समीक्षा करना।

सी-डीईपी के अध्यक्ष डॉ. जैजीत भट्टाचार्य ने कहा, 'भारत का इलेक्ट्रिक दोपहिया उद्योग एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, जहां उत्पादन के साथ-साथ तकनीकी विविधता, नवाचार और प्रतिस्पर्धा को भी बढ़ावा देना आवश्यक है। केवल उत्पादन विस्तार पर केंद्रित नीति दीर्घकालिक प्रतिस्पर्धात्मकता को कमजोर कर सकती है।'

## रीबॉक ने ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को बनाया अपना ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली।** रीबॉक ने आज भारत में ओलंपिक निशानेबाज़ मनु भाकर को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की। यह साझेदारी रीबॉक की 'ट्रेनिंग-फर्स्ट' सोच को देश की सबसे एकाग्र और जुनूनी एथलीट्स में से एक के साथ जोड़ती है। दोनों का मानना है कि असली प्रदर्शन प्रतियोगिता के दिन नहीं, बल्कि उससे महीनों पहले की गई कड़ी तैयारी से तय होता है। महज 24 साल की उम्र में मनु भाकर भारत की सबसे सफल निशानेबाजों में से एक बन चुकी हैं। वह मानसिक मज़बूती और निरंतरता की एक बड़ी मिसाल हैं। उन्होंने 2024 पेरिस ओलंपिक में इतिहास रचते हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम स्पर्धा में दो कांस्य पदक जीते। वह एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट और पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज़ बनीं। उनकी सफलता केवल पदकों तक सीमित नहीं है, बल्कि उनकी पहचान उनकी कड़ी मेहनत और अटूट अनुशासन से है। यही वजह है कि वह रीबॉक–जो हमेशा से फिटनेस और हाई-परफॉर्मेंस खेलों का समर्थक रहा है–के लिए सबसे उपयुक्त चेहरा हैं। मनु आज की उस नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती हैं जो आत्मविश्वास से भरी है और अपनी मेहनत की प्रक्रिया पर भरोसा करती है। इस साझेदारी पर मनु भाकर ने कहा, 'किसी भी मुकाबले का परिणाम प्रतियोगिता के दिन से बहुत पहले तय हो जाता है। मेरी ट्रेनिंग, फोकस और मेरा खुद पर विश्वास ही मुझे आगे बढ़ाता है, और यही बात मुझे रीबॉक से जोड़ती है।



## ग्रीनसेल मोबिलिटी ने 'राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026' के मौके पर सुरक्षित सफर का संकल्प दोहराया



**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े इलेक्ट्रिक बस प्लेटफॉर्म, ग्रीनसेल मोबिलिटी ने 'राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह' के दौरान सुरक्षित और जिम्मेदारी भरी ड्राइविंग को बढ़ावा देने के अपने वादे को एक बार फिर पुख्ता किया है। कंपनी ने लोगों से जुड़ने और उन्हें जागरूक करने के लिए देश भर के अपने सभी डिपो में कई कार्यक्रम और ट्रेनिंग सेशन आयोजित किए। पूरे महीने चले इस अभियान में 9,500 से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया, जो दिखाता है कि कंपनी सुरक्षा को लेकर कितनी गंभीर है। कंपनी के 'कोच कैप्टन्स' (ड्राइवर्स) के लिए खास ट्रेनिंग सेशन रखे गए, जिसमें उन्हें बचाव वाली ड्राइविंग (डिफेंसिव ड्राइविंग), यात्रियों की सुरक्षा और किसी भी इमरजेंसी के लिए तैयार रहना सिखाया गया। इसके अलावा, कर्मचारियों की सेहत और मानसिक शांति का ख्याल रखते हुए 'ब्रह्माकुमारीज़' के साथ मिलकर वेल-बीइंग सेशन और फ्री मेडिकल व आंखों की जांच के कैंप भी लगाए गए। ग्रीनसेल मोबिलिटी ने ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चलाए और नियमों का पालन करने वालों को सम्मानित भी किया। कई जगहों पर फायर ब्रिगेड के साथ मिलकर आग से बचाव और यात्रियों को सुरक्षित निकालने की 'मॉक ड्रिल' भी की गई। साथ ही, आसपास के स्कूलों में जाकर बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियम समझाए गए ताकि वे बचपन से ही जिम्मेदार नागरिक बनें। इस पहल पर ग्रीनसेल मोबिलिटी के एमडी और सीईओ, देवेंद्र चावला ने कहा, 'ग्रीनसेल मोबिलिटी में सुरक्षा हमारे काम करने के तरीके का सबसे अहम हिस्सा है। 'राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह' ने हमें ड्राइवरों की ट्रेनिंग, कर्मचारियों की भलाई और आम लोगों तक अपनी बात पहुँचाने का बेहतरीन मौका दिया। सही ट्रेनिंग, इमरजेंसी की तैयारी और जागरूकता के जरिए हम एक ऐसी सुरक्षित ड्राइविंग संस्कृति बनाने के लिए समर्पित हैं, जिसका फायदा समाज के हर व्यक्ति को मिले।' लोगों को जागरूक करने के लिए एनजीओ के साथ मिलकर नुक्कड़ नाटक किए गए, ताकि सड़क सुरक्षा का संदेश प्रभावशाली और मजेदार तरीके से जनता तक पहुँचे। इसके अलावा, कंपनी की टीमों ने सड़क पर बाइक सवारों और पैदल चलने वालों से सीधे बात करके उन्हें ट्रैफिक नियमों के महत्व के बारे में बताया।

## एआई डेटा सेंटर, स्टील प्लांट्स और शहरीकरण से भारत की ऊर्जा मांग बढ़ेगी-उत्सर्जन नियंत्रण में इंजीनियरों की अहम भूमिका, MIT-WPU में वैश्विक नेताओं की राय

- एआई डेटा सेंटर, उद्योगों व तेज़ी से बढ़ते शहरीकरण के कारण भारत में बिजली की खपत बड़े पैमाने पर बढ़ने की संभावना है
- भारत के 2070 तक के 'नेट-ज़ीरो' (शून्य उत्सर्जन) लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्बन कैप्चर, डिजिटल मॉनिटरिंग और कुशल इंजीनियरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी



**पुणे ■ एजेंसी**

भारत में मैन्युफैक्चरिंग और एआई आधारित डिजिटल प्रणालियों का विस्तार तेज़ी से हो रहा है। इसके परिणामस्वरूप अगले दो दशकों में देश की बिजली मांग लगभग दोगुनी होने की संभावना है। हालांकि, केवल बिजली उत्पादन बढ़ाना ही पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि कार्बन उत्सर्जन (प्रदूषण) को नियंत्रित करना वास्तविक चुनौती होगी, ऐसा मत उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने व्यक्त किया। यह महत्वपूर्ण संदेश पुणे स्थित MIT World Peace University में आयोजित 29वें 'एनुअल इंडस्ट्री-इंस्टीट्यूट इंटरएक्शन प्रोग्राम' (AIIIP-26) के दौरान दिया गया। SPE MIT-WPU स्टूडेंट चैप्टर द्वारा आयोजित इस विशेष सत्र में विश्व की अग्रणी कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इनमें प्रमुख रूप से BP, E&&onMobil, Baker Hughes, Chevron और Quorum Software के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर 'रिस्किल. रिवायर. रीइग्नाइट: कम कार्बन उत्सर्जन के लिए कुशल इंजीनियर' विषय पर एक विशेष पैनल चर्चा आयोजित की गई। भारत वर्तमान में विश्व का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता देश है। भारत ने 2070 तक 'नेट-ज़ीरो' (शून्य उत्सर्जन) प्राप्त करने और 2005 की तुलना में उत्सर्जन स्तर को 45 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।


## ऑरेलिया ने अनन्या पांडे के साथ पेश किया 'स्प्रिंग समर-26' कलेक्शन; लेटेस्ट इंडियन वियर ब्रांड के रूप में अपनी स्थिति की मजबूत

**स्टाइलिश, प्रासंगिक और हमेशा ट्रेंड में रहने का उत्सव मनाने वाला 'स्प्रिंग समर-26' कलेक्शन हुआ लॉन्च**

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

आदित्य बिरला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड के अंतर्गत आने वाले भारत के सबसे पसंदीदा एथनिक वियर ब्रांड ऑरेलिया ने अपने 'स्प्रिंग समर-26' कलेक्शन के साथ इंडियन वियर के लेटेस्ट ट्रेंड्स के लिए अपनी पहचान को और मजबूत किया है। यह कलेक्शन एक जीवंत अभियान Hamesha Trending के तहत लॉन्च किया गया है, जिसमें बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे नजर आ रही हैं।

ऑरेलिया हमेशा से उन युवा और फैशन के प्रति जागरूक महिलाओं की पहली पसंद रही है, जो अपनी भारतीय जड़ों से जुड़ी रहते हुए नए-नए फैशन ट्रेंड्स के साथ अपडेट रहना चाहती हैं। इस नए कलेक्शन के माध्यम से ब्रांड उन महिलाओं को सलाम कर रहा है, जो हर दिन आत्मविश्वास से भरपूर और सहज रूप से स्टाइलिश दिखना चाहती हैं।



'स्प्रिंग समर-26' कलेक्शन इंडियन वियर के सबसे नए ट्रेंड्स को सामने लाता है। इसमें कुर्ते के नए डिज़ाइन, आरामदायक को-ऑर्ड सेट्स, आकर्षक स्लीव्स, खास नेकलाइन, सौम्य पेस्टल रंग और खूबसूरत फ्लोरल प्रिंट्स शामिल हैं। कॉटन और हल्के ब्लेंड्स जैसे आरामदायक और हवादार फैब्रिक्स में तैयार यह कलेक्शन कंफर्ट और मौसम के अनुकूल पहनावे को प्राथमिकता देता है। आसान फिटिंग और मिक्स-एंड-मैच करने योग्य ये परिधान इसे रोजमर्रा के उपयोग, त्योहारों, गर्मियों के समारोहों और यात्रा के लिए बेहद वर्सेटाइल बनाते हैं। आदित्य बिरला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड (टीसीएनएस डिवीजन) के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर श्री अनंत डागा ने कहा, 'ऑरेलिया हमेशा उन महिलाओं की पहली पसंद रही है जो बदलते फैशन के साथ हमेशा अप-टू-डेट रहना चाहती हैं। हम इंडियन वियर में लेटेस्ट ट्रेंड्स के लिए ऑरेलिया को और भी मजबूत बना रहे हैं। हमारा 'स्प्रिंग समर-26' कलेक्शन और HameshaTrending कैंपेन इसी बात को दिखाता है कि हम फैशन में आगे रहना चाहते हैं। साथ ही, हमारा फोकस है कि फैशन सबके लिए आसान, आरामदायक और हर किसी के लिए उपलब्ध हो।

# तालिबान के रात भर के हमलों में पाकिस्तान में कई जगहों पर लगी आग

काबुल ■ एजेंसी

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के संघर्ष में रातभर दोनों पक्षों की ओर से हमले जारी हैं। पाकिस्तान के बाजौर जिले में पाकिस्तानी तालिबान (तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान या टीटीपी) की सेनाओं ने एक आश्चर्यजनक सैन्य हमला किया है। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार इस हमले में पाकिस्तानी सेना के लगभग 40 सैनिक मारे गए हैं। यह घटना अफगानिस्तान-पाकिस्तान सीमा पर जारी तनाव के बीच हुई है, जहां दोनों देशों के बीच क्रॉस-बॉर्डर हमले और जवाबी कार्रवाई बढ़ गई है। इसके अलावा तालिबान के ड्रोन हमले में इस्लामाबाद में कई मिलिट्री ठिकाने तबाह हो गए हैं और वहां आग लग गई है। हमले के बाद चीख-पुकार का वीडियो भी सामने आया है।



पाकिस्तान का बाजौर जिला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्थित है और अफगानिस्तान की सीमा से सटा हुआ है। यह लंबे समय से उग्रवाद और आतंकवादी गतिविधियों का केंद्र रहा है। पाकिस्तानी तालिबान के मुख्य संगठन टीटीपी ने हाल के महीनों में पाकिस्तान में कई बड़े हमलों की जिम्मेदारी ली है, जिनमें सुरक्षा बलों पर हमले शामिल हैं। अफगान तालिबान ने सीमा पर पाकिस्तानी चौकियों पर हमले का दावा किया गया है, जिसमें उन्होंने 40 पाकिस्तानी सैनिकों को मारने और कई चौकियां कब्जाने की बात कही है। इससे पहले शुक्रवार को भी तालिबान ने हमले में 55 सैनिकों को मार गिराने का दावा किया था। ताजा हमला शुक्रवार की रात किया गया है।

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। अफगान तालिबान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि पाकिस्तानी सेना द्वारा पक्तिया प्रांत में नागरिकों को निशाना बनाने के जवाब में अफगान वायु सेना ने पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पर सुइसाइड ड्रोन से तीव्र हमला किया है। अफगान पक्ष के अनुसार ये हमले सैन्य ठिकानों और संवेदनशील लक्ष्यों पर केंद्रित थे, जिसमें इस्लामाबाद के आसपास के क्षेत्रों में ड्रोन से हमले किए गए। एक वीडियो में कथित तौर पर इस्लामाबाद में संवेदनशील स्थलों पर हमले दिखाए गए हैं, जहां धमाके और आग की लपटें देखी जा सकती हैं। अफगान रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इनायतुल्लाह ख्वाराजमी ने कहा कि हमले में इस्लामाबाद के फैजाबाद क्षेत्र के निकट एक सैन्य कैंप, नौशेरा में सैन्य मुख्यालय, जमरूद की सैन्य टाउनशिप और एबटाबाद सहित कई लक्ष्यों को निशाना बनाया गया। शुक्रवार की रात इस्लामाबाद में कई बड़े हमले या आग की लपटें नहीं देखी गईं। यह घटना दोनों देशों के बीच ओपन वॉर की घोषणा के बाद हुई है। पाकिस्तान ने हाल ही में काबुल, कंधार और पक्तिया सहित अफगान शहरों पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में विभिन्न अभियानों में 6 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के विभिन्न इलाकों में पिछले 24 घंटों के दौरान चलाए गये धरपकड़ अभियान के दौरान विभिन्न उग्रवादी संगठनों के छह कैडरों को गिरफ्तार किया गया है। मणिपुर पुलिस मुख्यालय से आज जारी आधिकारिक बयान में बताया गया है कि बीते गुरुवार को सुरक्षा बलों ने पहले अभियान में पीआरईपीएके (पीआरओ) के एक सक्रिय कैडर थोकचोम राज सिंह (25) उर्फ इबुंगो को गिरफ्तार किया गया है। उसे इंफाल पश्चिम जिलांतर्गत घारी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक मोबाइल फोन और एक आधार कार्ड जब्त किया गया। दूसरे अभियान में सुरक्षा बलों ने केसीपी (पीएससी) के एक सक्रिय कैडर पृथ्वीराज मोइरंगथेम उर्फ 3बी (26) को गिरफ्तार किया गया। उसे पुलिस ने इंफाल पूर्व जिले के इरिलबुंग थानांतर्गत उसके आवास से गिरफ्तार किया। तीसरे अभियान में सुरक्षा बलों ने आरपीएफ/पीएलए के दो कैडरों को इंफाल पूर्व जिले के याइंगंगपोकपी थानांतर्गत याइंगंगपोकपी क्षेत्र से गिरफ्तार किया। उसकी पहचान थिंगोम महेनजीत सिंह उर्फ अनाओ (22) और न्गांगबाम डेरिक सिंह (20) के रूप में की गयी है। उनके कब्जे से एक नंबर 36 हैंड ग्रेनेड, एक डेटोनेटर, विभिन्न कैलिबर के 10 राउंड जिंदा राउंड कारतूस और दो मोबाइल फोन बरामद किया गया।

### पश्चिम बंगाल में 28 फरवरी को जारी होंगी पोस्ट-एसआईआर मतदाता सूची

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद अद्यतन मतदाता सूची 28 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। सात करोड़ से अधिक मतदाताओं वाली यह सूची केवल प्रशासनिक अद्यतन नहीं, बल्कि पिछले कुछ महीनों से जारी राजनीतिक टकराव, अदालती लड़ाइयों और विरोध प्रदर्शनों का प्रतिबिंब भी मानी जा रही है। चुनाव आयोग द्वारा जारी की जाने वाली सूची में 7.08 करोड़ मतदाताओं को 'स्वीकृत', 'हटाए गए' या 'विचाराधीन' श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। 2002 के बाद यह पहला राज्यव्यापी विशेष पुनरीक्षण है। आयोग के अनुसार 16 दिसंबर को प्रकाशित प्रारूप सूची में मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ से घटकर 7.08 करोड़ रह गई थी। मृत्यु, स्थानांतरण, दोहराव या सत्यापन न होने के कारण 58 लाख से अधिक नाम हटाए गए। दूसरे चरण में 1.67 करोड़ मतदाताओं की सुनवाई की गई, जिनमें 1.36 करोड़ को 'तार्किक विसंगति' और 31 लाख को मैपिंग की कमी के आधार पर चिन्हित किया गया था। करीब 60 लाख मतदाता अब भी 'विचाराधीन' श्रेणी में हैं। आयोग का कहना है कि यह प्रक्रिया नियमित और आवश्यक है, ताकि मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित की जा सके।

### कूचबिहार एयरपोर्ट पर फिर थमी उड़ान सेवा, लगातार दो हफ्ते विमान नहीं उतरने से बढ़ी चिंता

**कूचबिहार।** कूचबिहार एयरपोर्ट पर विमान सेवा को लेकर एक बार फिर अनिश्चितता की स्थिति बन गई है। सप्ताह में एक दिन उड़ान भरने की घोषणा के बावजूद 19 फरवरी के बाद 26 फरवरी को भी विमान नहीं उतरा। 12 फरवरी को सेवा दोबारा शुरू होने के दिन ही आखिरी बार विमान उतरा था। इसके बाद लगातार दो सप्ताह तक उड़ान नहीं आने से शहर में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। जानकारी के अनुसार, राजशाही काल में कूचबिहार से नियमित उड़ान सेवा संचालित होती थी। लेकिन वाम शासन के दौरान अनियमितता के बाद वर्ष 1995 में सेवा पूरी तरह बंद कर दी गई। वर्ष 2011 में राज्य में नई सरकार बनने के बाद कुछ समय के लिए सेवा फिर शुरू हुई, पर वह भी कुछ वर्षों में बंद हो गई। केंद्रीय मंत्री रहे निसिथ प्रमाणिक की पहल पर 21 फरवरी, 2023 से 9-सीटर विमान सेवा शुरू की गई थी। यह सेवा केंद्र सरकार की उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना के तहत संचालित हो रही थी। हालांकि, एक फरवरी से वह सेवा भी बंद हो गई।

### शाइन सिटी घोटाले का मुख्य आरोपी राशिद गिरफ्तार

**लखनऊ।** शाइन सिटी घोटाले मामले के फरार मुख्य आरोपित राशिद नसीम को सयुंक्त अरब अमीरात (यूएई) में गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अनुरोध पर हुई है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, यूपी में निवेश धोखाधड़ी और धन शोधन के मामले में भगोड़े राशिद नसीम के खिलाफ लखनऊ समेत कई जिलों में मुकदमें दर्ज हैं। उस पर आरोप है कि उसने निवेश के नाम पर लोगों से लुभावने रिटर्न का वादा कर करोड़ों की ठगी की है। पुलिस का शिकंजा कसता देख 2019 में राशिद नसीम देश छोड़कर दुबई फरार हो गया था। अब ईडी-ईओडब्ल्यू के के प्रत्यर्पण के अनुरोध पर दुबई पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उल्लेखनीय है कि लखनऊ स्थित विशेष धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) कोर्ट ने पिछले वर्ष अप्रैल माह में शाइन सिटी के प्रमोटर राशिद को आर्थिक अपराधी अधिनियम (एफईओए) के तहत अपराधी घोषित किया था।

### ट्रंप द्वारा पाकिस्तान की तारीफ पर उठाए सवाल

# कांग्रेस का प्रधानमंत्री मोदी पर तंज: विश्वगुरु की असलियत दुनिया के सामने

नई दिल्ली ■ एजेंसी

कांग्रेस ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की पाकिस्तान की तारीफ करने पर पीएम मोदी को घेरा है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर ट्रंप के बयान का वीडियो पोस्ट करते हुए मोदी सरकार की नीति पर सवाल उठाएं हैं।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पाकिस्तान की तारीफ और अफगानिस्तान के साथ उसके युद्ध में समर्थन पर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला किया है। कांग्रेस ने इसे भारतीय हग्लोमेसी के लिए एक और झटका बताया है और कहा है कि दुनिया खासकर अमेरिका अब स्वयंभू विश्वगुरु की असलियत समझ चुकी है।

कांग्रेस के संचार प्रभारी जयराम रमेश ने इस मुद्दे पर शनिवार को अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ट्रंप ने एक बार फिर पाकिस्तान की तारीफ में कसीदे पढ़े हैं, जिनके भड़काऊ बयानों ने पाकिस्तान द्वारा रचे गए आतंकवादी हमलों की पृष्ठभूमि तैयार की थी। यह अप्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर की ओर इशारा था।

जयराम रमेश ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा,राष्ट्रपति ट्रंप का अफगानिस्तान के साथ पाकिस्तान के युद्ध में पूर्ण और स्पष्ट समर्थन भारतीय हग्लोमेसी के लिए एक और झटका है।





कांग्रेस ने आरोप लगाया कि अमेरिका के साथ भारत की आर्थिक कूटनीति बुरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने एकतरफा व्यापार समझौते के सामने घुटने टेक दिए, जिसमें भारत ने अमेरिकी किसानों से आयात की बड़ी प्रतिबद्धताएं कीं, जबकि अमेरिका ने भारत से बड़े निर्यात की अस्पष्ट प्रतिबद्धताएं कीं।

कांग्रेस ने इस बात पर भी जोर दिया कि इस समझौते के कुछ ही दिनों बाद अमेरिका ने भारत से सौर मॉड्यूल पर 125.87 प्रतिशत का आयात शुल्क लगा दिया।

जयराम रमेश ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत की रणनीतिक कूटनीति को बार-बार झटके दिए हैं, क्योंकि वे लगातार पाकिस्तानी प्रतिष्ठान के करीब आते रहे और भारत और पाकिस्तान को एक साथ जोड़ते रहे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, प्रधानमंत्री अपने तरीकों से पुरस्कार जीत सकते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि स्वयंभू विश्वगुरु का पर्दाफाश हो गया है और दुनिया, खासकर अमेरिका, ने उनकी असलियत समझ ली है।

यह बयान ऐसे समय में आया है जब पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच, ट्रंप ने कहा था कि वे पाकिस्तान के साथ बहुत अच्छा संबंध रखते हैं और देश बहुत अच्छा कर रहा है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच लड़ाई को रोकने के लिए हस्तक्षेप करने के सवाल पर ट्रंप ने कहा, मैं करूंगा, लेकिन मेरा पाकिस्तान के साथ बहुत अच्छा संबंध है, बहुत, बहुत अच्छा। वहां के प्रधानमंत्री और सेना प्रमुख दोनों ही शानदार नेता हैं। मैं उन दोनों का बहुत सम्मान करता हूं। पाकिस्तान इस समय बहुत अच्छा कर रहा है।

# दिल्ली की जनता के गुनाहगार हैं केजरी, घड़ियाली आंसू न बहाएं

नई दिल्ली ■ एजेंसी



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली की जनता के गुनाहगार हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार उनके कार्यकाल में सामने आए कथित शराब घोटाले के मामले में निचली अदालत द्वारा दिया गया फैसला अंतिम सत्य नहीं है बल्कि यह केवल कानूनी प्रक्रिया का एक हिस्सा है। सच्चाई का फैसला होकर रहेगा, इसलिए केजरीवाल घड़ियाली आंसू न बहाएं।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को विजय चौक पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि हम न्यायपालिका का पूरा सम्मान करते हैं और अदालतों के निर्णयों का आदर करते हैं। आम आदमी पार्टी (आआपा) इस फैसले को 'क्लीन चिट' बताकर जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि अदालत ने अपने आदेश में 'साक्ष्य के अभाव' की बात कही है। साक्ष्य पर्याप्त न होना और पूरी तरह बेगुनाह होना दो अलग बातें हैं। कानून की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है और मामला उच्च न्यायालय में जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वो कुछ सीधा सवाल रखना चाहती हैं, जिनका जवाब दिल्ली की जनता को मिलना चाहिए। उन्होंने प्रश्न किया कि अगर शराब नीति इतनी ही शानदार और राजस्व बढ़ाने वाली थी, तो जांच शुरू होते ही उसे वापस क्यों लिया गया। नई नीति रद्द कर पुरानी नीति पर यू-टर्न क्यों लिया गया। यदि नीति में कोई खामी नहीं थी तो उसे जारी क्यों नहीं रखा गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि थोक मुनाफा पांच प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत क्यों किया गया। इससे लाभ किसे हुआ। लाइसेंस संरचना में ऐसे बदलाव क्यों किए गए, जिन पर गंभीर सवाल उठे। किन परिस्थितियों में यह बदलाव किए गए और उनका वास्तविक लाभार्थी कौन था, इसका जवाब पूर्व मुख्यमंत्री को देना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जांच के दौरान यह भी सामने आया कि लगभग 200 दिनों की अवधि में 160 से 170 मोबाइल फोन बदले गए। इतनी बड़ी संख्या में फोन बदलने की आवश्यकता क्यों पड़ी। डिजिटल रिकॉर्ड को लेकर सवाल क्यों खड़े हुए। यदि छिपाने जैसा कुछ नहीं था तो ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न ही क्यों हुई। यह सब अपने आप में गंभीर संदेह पैदा करता है। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने पहले अपने आदेशों में बड़े पैमाने पर धन लेन-देन के प्रथम दृष्टया संकेतों का उल्लेख किया था। इसी प्रकार दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी इस मामले को गंभीर माना था। मुख्यमंत्री के अनुसार जमानत मिलना क्लीन चिट नहीं होती। कानूनी प्रक्रिया में जमानत और दोषमुक्ति अलग-अलग बातें हैं।

रेखा गुप्ता ने कहा कि सीएजी की रिपोर्ट में हजारों करोड़ रुपये के संभावित राजस्व नुकसान की बात सामने आई है। वह पैसा दिल्ली की जनता का है। जनता का भरोसा किसी भी सरकार की सबसे बड़ी पूंजी होता है। यदि उस भरोसे को ठेस पहुंची है तो जवाबदेही तय होना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कोई स्वयं को कट्टर ईमानदार कहता है, तो जांच से भागने के आरोप क्यों लगे।

# भारत-भूटान ने सीमा पार नदियों और जलविद्युत परियोजनाओं पर द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाया

नई दिल्ली ■ एजेंसी

नदी विकास एवं गंगा पुनर्जीवन विभाग (डीओडब्ल्यूआर, आरडी एवं जीआर) के सचिव वीएल कंथा राव के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में भूटान का दौरा किया। इस दौरे में डीओडब्ल्यू, आरडी एवं जीआर के अधिकारी, असम और पश्चिम बंगाल की राज्य सरकारों के अधिकारी और डब्ल्यूएपीसीओएस लिमिटेड के अधिकारी शामिल थे। इस दौरे का उद्देश्य सीमा पार नदियों पर सहयोग से संबंधित मामलों पर चर्चा करना और भारत सरकार के साथ साझेदारी में भूटान में कार्यान्वित की जा रही पुनात्सांगचू-द्व जलविद्युत परियोजना की गतिविधियों की समीक्षा करना था।

25 फरवरी 2026 को आयोजित सचिव स्तरीय द्विपक्षीय बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने बाढ़ प्रबंधन और बाढ़ पूर्वानुमान में भारत और भूटान के बीच द्विपक्षीय सहयोग के विद्यमान तंत्रों की समीक्षा की। भविष्य की चर्चा में भूटान में सीमा पार नदियों पर मौजूदा जल-मौसम



विज्ञान अवलोकन नेटवर्क को मजबूत और आधुनिक बनाने, सीमा पार नदियों से संबंधित जल-मौसम विज्ञान और बाढ़ पूर्वानुमान डेटा के लिए डेटा साझाकरण तंत्र में सुधार करने, क्षमता निर्माण और तकनीकी आदान-प्रदान में सहयोग बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन, हिमनदी झील विस्फोट बाढ़ (जीएलओएफ) और चरम मौसम की घटनाओं से उत्पन्न होने वाली चुनौतियों का समाधान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। द्विपक्षीय बैठक के बाद, सचिव ने ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधन मंत्री ल्योंपो जेम शेरिंग से शिष्टाचार भेंट की।

इसके बाद, भारत सरकार के जल संसाधन विभाग, कृषि एवं कृषि एवं जैव विविधता मंत्रालय के सचिव ने 26 फरवरी 2026 को भूटान में निर्माणाधीन पुनात्सांगचू-जलविद्युत परियोजना और हाल ही में शुरू हुई पुनात्सांगचू-द्वद्व जलविद्युत परियोजना का दौरा किया। उन्होंने पीएचपीए- और पीएचपीए-के अधिकारियों से मुलाकात की और इन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। अन्य स्थलों के दौरों में थिम्फू स्थित भूटान का राष्ट्रीय जल विज्ञान एवं मौसम विज्ञान केंद्र (एनसीएचएम); चामगांग स्थित 3.5 एमएलडी जल शोधन संयंत्र; और वांगडू फोड्रंग जोंग के पास स्थित एनसीएचएम बाढ़ निगरानी केंद्र शामिल थे। इस दौरे का उद्देश्य साझा नदी बेसिनों में जल संसाधन प्रबंधन, बाढ़ पूर्वानुमान और जलवायु परिवर्तन से निपटने की क्षमता को बढ़ाना था। इसने सीमा पार जल संसाधनों के सतत और पारस्परिक रूप से लाभकारी प्रबंधन के प्रति दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### अफगान बलों का दावा- जलालाबाद में मार गिराया पाकिस्तानी लड़ाकू विमान, पायलट को पकड़ा जिंदा

**इस्लामाबाद/जलालाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच यह ताजा घटना दोनों देशों के बीच पहले से मौजूद तनाव को और बढ़ा सकती है। लड़ाकू विमान का गिराया जाना और पायलट का पकड़ा जाना दोनों देशों के बीच संबंधों में एक नई जटिलता पैदा कर सकता है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। इस बीच शनिवार को अफगान बलों ने दावा किया कि जलालाबाद शहर में एक पाकिस्तानी लड़ाकू विमान को मार गिराया गया। अफगान बलों ने दावा किया है कि विमान मार गिराए जाने के बाद उसके पायलट को जिंदा पकड़ लिया गया है। एएफपी की रिपोर्ट में अफगान सैन्य और पुलिस सूत्रों के अनुसार, एक पाकिस्तानी लड़ाकू विमान शनिवार को जलालाबाद के एक जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# पीएम मोदी आज गुजरात में माइक्रोन टेक्नोलॉजी सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्ट और पैकेजिंग सुविधा का उद्घाटन करेंगे

नई दिल्ली ■ एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शनिवार को गुजरात दौरे पर रहेंगे। आज दोपहर लगभग 3:45 बजे, प्रधानमंत्री साणंद में माइक्रोन सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्ट और पैकेजिंग (एटीएमपी) संयंत्र का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी सभा को संबोधित भी करेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय (सेवा तीर्थ) के एक बयान के अनुसार, यह उद्घाटन भारत के सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। साणंद एटीएमपी संयंत्र से भारत में निर्मित पहले सेमीकंडक्टर मेमोरी मॉड्यूल का वाणिज्यिक उत्पादन और शिपमेंट शुरू हो गया है। यह विकास वैश्विक सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला में भारत की स्थिति को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

आपको बता दें, इस परियोजना का शिलान्यास सितंबर 2023 में हुआ था और यह इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के तहत स्वीकृत होने वाला पहला प्रस्ताव था। इसे 22,500 करोड़ रुपये से अधिक के कुल परिव्यय के साथ, निर्माण कार्य स्वीकृति के तुरंत बाद शुरू किया गया। इससे देश में रणनीतिक सेमीकंडक्टर निवेश को गति देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का पता चलता है। गौरतलब हो, साणंद संयंत्र पूरी तरह से चालू हो जाने पर लगभग 5 लाख वर्ग फुट का क्लीनरूम क्षेत्र उपलब्ध होगा और यहां दुनिया के सबसे बड़े रेज़्ड-फ्लोर क्लीनरूम में से एक बन जाएगा। यह संयंत्र दुनिया भर के ग्राहकों की सेवा करने और एआई और उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग में तेजी से हो रही प्रगति के कारण मेमोरी और स्टोरेज समाधानों की बढ़ती वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

साणंद एटीएमपी संयंत्र माइक्रोन के वैश्विक विनिर्माण नेटवर्क से उन्नत डायनेमिक रैंडम एक्सेस मेमोरी (डीआरएएम) और नैंड सेमीकंडक्टर वेफर्स को तैयार मेमोरी और स्टोरेज उत्पादों में परिवर्तित करेगा।

### क्राइम ब्रांच का दावा: शूटर्स को मोटी रकम दी गई थी

# रोहित शेट्टी फायरिंग मामले में मिला अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन, फंडिंग से शक गहराया

नई दिल्ली ■ एजेंसी

*फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के मुंबई वाले घर पर फायरिंग मामले में जांच जारी है। इस मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच के हाथ बड़े सुराग लग रहे हैं। मामले में क्राइम ब्रांच ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया है कि शूटर्स को मोटी रकम दी गई थी। वारदात को अंजाम देने के लिए एटीएम के जरिए फंडिंग पड़ोसी देश नेपाल से हुई थी। फंडिंग की पुष्टि के लिए मुंबई क्राइम ब्रांच गहनता से जांच कर रही है।*

*मुंबई क्राइम ब्रांच की प्राथमिक जांच में सामने आया है कि फायरिंग को अंजाम देने वाले शूटर्स को नेपाल से रकम दी गई थी। यह रकम सीधे बैंक खातों में जमा कराई गई थी, जिसमें एटीएम के जरिए कैश ट्रांजैक्शन का इस्तेमाल किया गया था। बताया जाता है कि आरोपियों के खाते में रकम अज्ञात व्यक्ति के जरिए डाली गई थी। पुलिस सभी की बैंक डिटेल्स खंगाल*



*रही है। क्राइम ब्रांच के मुताबिक, इस लेनदेन का कनेक्शन नेपाल से जुड़े होने की जानकारी सामने आई है। जांच में यह भी सामने आया है कि इस मामले में आगरा से पकड़े गए आरोपियों को अक्सर फंडिंग की जाती थी।*

*क्राइम ब्रांच ने जांच के लिए संबंधित बैंकों को आधिकारिक पत्र भेजकर आरोपियों के खातों की जानकारी मांगी है। इसमें बैंक स्टेटमेंट, ट्रांजैक्शन हिस्ट्री और रकम जमा करने वाले व्यक्ति की जानकारी मांगी गई है। पुलिस को शक है कि मामले में बाहर की आतंकी शक्तियां भी शामिल हो सकती हैं।*

*हू वाले बंगले पर अचानक कुछ हमलावरों ने गोलीबारी की थी। हमले में किसी को चोट नहीं पहुंची है। मामले में पुलिस 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। ये गिरफ्तारियां उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा से हुई हैं।*

**जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, सीहोर**
प्रधान कार्यालय

क्रमांक/विप./44/26/2837 सीहोर दिनांक 27.02.2026

**निविदा सूचना**

बैंक से सम्बद्ध प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेंहू, चना एवं मसूर उपार्जन केन्द्रों पर लगने वाली सामग्री यथा धागा गिट्टे (220 ग्राम / 2000 मीटर) स्याही प्रति लीटर स्टाम्प, मिक्स प्लास्टिक टेग (3X4 इन्च) इलेक्ट्रानिक तौल कांटा (50 से 100 किलो ग्राम हेतु) डबल सिलाई मशीन, तिरपाल (100 X100 फीट) माइश्चर डिजिटल मीटर, परखी इनेमल प्लेट, छन्ना, ब्लोअर, उडावनी पंखा, स्टेंसिल (18 X18 इन्च) आदि विभिन्न सामग्रीयों के क्रय हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म / विक्रेताओं से सील बन्द निविदाये निर्धारित शर्तों पर दिनांक 10.03.2026 दोपहर 03 बजे तक आमंत्रित की जाती है, निविदाएँ उसी दिन उपार्जन समिति के समक्ष 4 बजे खोली जावेगी निविदा के नियम एवं शर्तें प्रधान कार्यालय के विपणन कक्ष एवं वेबसाइटस https://dccbsehore.in पर देखी जा सकती है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी



भोपाल। गोविन्दपुरा थाने में एडी.एस पी गौतम सौलंकी एवं टीआई अवधेश प्रताप सिंह ने नगर एवं ग्राम समिति के पदाधिकारियों को आईकार्ड वितरण किया।

### भोपाल कलेक्टर ने बनाई 8 एसडीएम की टीम

# निजी स्कूल किसी खास दुकान से यूनिफॉर्म-किताबें खरीदने को मजबूर करे तो करें शिकायत



भोपाल ■ अमृत दर्शन

भोपाल में अब प्राइवेट स्कूलों की मनमानी नहीं चलेगी। अगर कोई प्राइवेट स्कूल आपको किसी खास दुकान से किताबें या यूनिफॉर्म खरीदने को मजबूर करे तो पेरेंट्स सीधे शिकायत कर सकते हैं। भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने 8 निरीक्षण टीम बनाई हैं।

**8 निरीक्षण टीम, एसडीएम को बनाया प्रभारी**

भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने 8 स्ष्टरूको जिम्मेदारी दी है। 8 स्ष्टरूको निरीक्षण टीम का प्रभारी बनाया है। उनके साथ 4 और अधिकारी होंगे। सभी के फोन नंबर आदेश में दिए गए हैं। पेरेंट्स अपने-अपने एरिया के अधिकारियों के नंबर पर शिकायत कर सकते हैं।

## एरिया के अधिकारियों के नंबर

- **एसडीएम लक्ष्मीकांत खरे (एमपी नगर) 9425442444**
- दीपक कुमार द्विवेदी, तहसीलदार (एमपी नगर) 7803818055
- एसके खांडेकर, प्रिंसिपल (शास. बालक उमा विद्यालय) 9981260348
- वंदना शुक्ला, प्रिंसिपल (शास. कन्या उमा विद्यालय) 9827243668
- नूतन सक्सेना, प्रिंसिपल (शास. हाई स्कूल राजीव नगर) 9826454558

- **एसडीएम अर्चना शर्मा (टीटी नगर) 9719952509**
- कुणाल राउत, तहसीलदार (एमपी नगर) 9685367657
- अभिषेक बैंस, प्रिंसिपल (शास. बालक उमा विद्यालय) 9893040468
- सरला कश्यप, प्रिंसिपल (शास. बालक उमा विद्यालय) 9993153246
- मनोज रोहतास, प्रिंसिपल (शास. उमा विद्यालय) 9630628192

- **एसडीएम पीसी पांडेय (कोलार रोड) 9425102389**
- एन.एस परमार, तहसीलदार (कोलार रोड) 9425005996
- आर.के. यादव, प्रिंसिपल (शास. कन्या उमा विद्यालय) 9893671694
- शीला मौर्य, प्रिंसिपल (शास. उमा विद्यालय) 9977554300
- रूपाली रिछारिया, बीआरसी (फंदा ग्रामीण) 8770250642

- **एसडीएम दीपक पांडेय (शहर वृत्त) 9425493767**
- राम प्रकाश पांडे, तहसीलदार (शहर वृत्त) 9425342916
- एस.के. उपाध्याय, प्रिंसिपल (शास. उमा विद्यालय) 9425023826
- एस.एस. सिसोदिया, प्रिंसिपल (शास. हाई स्कूल) 9425458319
- अमित श्रीवास्तव, बीआरएसी (नया शहर) 9893060889

- **एसडीएम रविशंकर राय (बैरागढ़ वृत्त) 9425705121**
- हर्ष विक्रम सिंह, तहसीलदार (बैरागढ़ वृत्त) 9039648914
- अनामिका खरे, प्रिंसिपल (शास. उमा विद्यालय) 7389199042
- नीलम बसानिया, प्र. प्रिंसिपल (शास. उमा विद्यालय) 8989684290
- वेरोनिका मंडल, प्रिंसिपल (शास. उमा विद्यालय) 9893339148

- **एसडीएम भुवन गुप्ता (गोविंदपुरा) 9425927294**
- सौरभ वर्मा, तहसीलदार (गोविंदपुरा) 9926580660
- विनोद कुमार राजोरिया, प्रिंसिपल (शास. उमा विद्यालय) 9893762623
- स्मिता मेश्राम, प्रिंसिपल (शास. कन्या उमा विद्यालय) 9131404809
- चक्रेश कुमार जैन, प्रिंसिपल (शास. हाई स्कूल)

- **एसडीएम विनोद सोनकिया (हुजूर) 9425454387**
- आलोक पारे, तहसीलदार (हुजूर) 9425608042
- सुनीता जैन, प्र. प्रिंसिपल (शास. उमा विद्यालय) 8109237919
- रचना श्रीवास्तव, प्रिंसिपल (शास. उमा विद्यालय) 9981944437
- अमिता शर्मा, प्रिंसिपल (शास. हाई स्कूल) 9425688560


- **एसडीएम आशुतोष शर्मा (बैरसिया) 9893808000**
- दिलीप चौरसिया, तहसीलदार (बैरसिया) 9329318596
- आर.एन. श्रीवास्त्री, विकास खंड शिक्षा अधिकारी (बैरसिया) 9981404215
- गीता जोशी, प्रिंसिपल (शास. कन्या उमा विद्यालय) 9424441525
- ब्रजेंद्र कुमार कटारे, प्रिंसिपल (शास. हाई स्कूल) 9713679192

### मस्जिद में नमाज पढ़ने गया था दुकानदार

## गल्ले से नकदी पार कर रफूचक्कर हुआ चोर, घटना सीसीटीवी में कैद

भोपाल ■ अमृत दर्शन

राजधानी के तलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत चटाईपुरा बुधवारा में चोरी की एक सनसनीखेज वारदात सामने



आई है। मस्जिद कलंदर शाह परिसर में गैस किट की दुकान चलाने वाले रिजवान खान के गल्ले से अज्ञात बदमाश ने हजारों की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। फरियादी रिजवान खान (45) ने पुलिस को बताया कि 26 फरवरी की शाम करीब 5:00 बजे वह अपनी दुकान खुली छोड़कर पास ही स्थित कलंदर शाह मस्जिद में नमाज पढ़ने गए थे। उस दौरान दुकान पर कोई मौजूद नहीं था। महज 15 मिनट बाद जब वह नमाज पढ़कर वापस लौटे, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई।

गल्ले की पड़ताल करने पर उसमें रखे 8,600 रुपये गायब थे। वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की, जिसमें दुकान के आसपास लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरों की फुटेज खंगाली गई। सूत्रों के मुताबिक, फुटेज में एक संदिग्ध युवक दुकान के अंदर प्रवेश करता और गल्ले से पैसे निकाल कर तेजी से भागता हुआ नजर आया है। तलैया थाना पुलिस ने धारा 380 (चोरी) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। कार्यवाहक प्रधान आरक्षक चंद्रकांत शर्मा को मामले की जांच सौंपी गई है। पुलिस का दावा है कि हुलिए के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## होली पर पेड़ बचाने के लिए गौकाष्ठ के उपयोग की अपील

भोपाल ■ अमृत दर्शन

राजधानी के कुछ समाजसेवियों ने शहर में जलने वाली तमाम होलियों में लकड़ी की जगह गाय के गोबर से बने गौकाष्ठ का उपयोग



करने का आव्हान कर रहे हैं साथ गोकाष्ठ का उपलब्ध भी करा रहे हैं ।शहर के प्रमुख गोकाष्ठ विक्रय सेंटर प्लेटिनम प्लाजा माता मंदिर, श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर शिवाजी नगर, मां कालिका मंदिर कामधेनु गोशाला भदभदा रोड, भोजपुर क्लब अरेरा कॉलोनी, शुभम् नर्सरी पटेल नगर, गुजराती कॉलोनी बावड़ियां कला, नर्मदा इंडस्ट्रीज गोविंदपुरा, श्री राम मंदिर हमीदिया रोड, मंगलवारा थाने के पास, मानस भवन श्यामला हिल्स,शुभम् नर्सरी होशंगाबाद रोड, गोमती कॉलोनी नेहरू नगर, मानस उद्यान गुफा मंदिर, दैनिक भास्कर मुख्यालय एम पी नगर, मिलन स्वीट्स बरखेड़ा, आदित्य एवेन्यू एयरपोर्ट रोड, ग्लोबस ग्रीन एकड़ फेस टू क्लब हाउस लालघाटी, मंदाकिनी ग्राउंड कोलार, अरेरा क्लब लिंक रोड नंबर एक, प्रेम कुटी नादरा बस स्टैंड, चलित वाहन जंबूरी मैदान, करोंद चौराहा, मेहता मार्केट, बैरागढ़ थाना, रातीबड़ चौराहा, लालघाटी चौराहा, पीपुल्स मॉल, मिनाल रेसीडेंसी चौराहा बनाए गए हैं। उपरोक्त स्थानों पर एक और दो मार्च को शहरवासियों को सुगमता से गोकाष्ठ उपलब्ध रहेगी । इस अभियान से जुड़ी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अजय दुबे 9826489749, डॉ योगेंद्र सक्सेना 8817677175, प्रमोद चुग 9425008240, अरुण चौधरी 9425011312, मम्तेश शर्मा 9300068899 पर संपर्क कर सकते हैं ।

### राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के वर्चुअल माध्यम से आज 28 फवरी को सुबह 11:30 बजे डॉ. कैलाशनाथ काटजू अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, विधायक भागवान दास सवनानी की उपस्थिति में राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया।

### साइबर ठगी के नए मामले

## क्रेडिट कार्ड अपडेट के बहाने बैंक क्लर्क से 1.42 लाख की ठगी

भोपाल। राजधानी में साइबर ठगी के चार नए मामले सामने आए हैं। इनमें से एक मामला टीटी नगर थाना क्षेत्र का है। यहां को-ऑपरेटिव बैंक के क्लर्क के साथ साइबर ठगी की गई है। आरोपी ने खुद को बैंक अधिकारी बताकर उनको ठगी का शिकार बनाया। आरोपियों ने उनके साथ 1 लाख 42 हजार 398 रुपए की ठगी की। वहीं, दूसरा मामला हबीबगंज थाना क्षेत्र का है। यहां आरोपी ने सहायक शिक्षक को ठगी का शिकार बनाया है। सहायक शिक्षक 3 लाख 10 हजार रुपए ठगी का शिकार हुए हैं। इसके अलावा जहांगीराबाद थाने में भी ठगों ने क्रिपटो करंसी के नाम पर 1 लाख 45 हजार रुपए की ठगी की है। साथ ही पिपलानी थाना क्षेत्र में पैसे डबल करने के नाम पर 5 लाख 24 हजार 900 रुपए की ठगी की गई है। पुलिस ने चारों मामलों में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रकाशक ,मुद्रक एवं स्वामी डी.पी. गोयल द्वारा सुख सागर,6 पत्रकार नगर, कोलार रोड, भोपाल से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच. इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल-462023 (म.प्र.) से मुद्रित। फोनः 4240007 फैक्स 0755-4296195 , आर.एन.आई नं. 50259/90 डाक पंजीयन नं. म.प्र./भोपाल/86/24-26 न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। प्रधान संपादकः डी.पी. गोयल । मोबाईल नं. 9827054436 ।

